हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 20 नवंबर 2025



# 11 हजार महतारियों का ई-केवाईसी नहीं, अगले महीने से रूकेगा भुगतान!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दो साल पहले राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना के तहत हर माह एक हजार रुपए राशि पाने वाली 11 हजार महिलाओं की अगली किस्त ई-केवाईसी के नहीं होने के चलते रूक सकती है। वहीं मृत महिलाओं के नाम भी अब योजना से हटाने का काम किया जा रहा है।

गौरतलब है कि सरकार बीते 19 महीने से महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजना के तहत एक हजार रुपए दे रही है, जिसे पाकर महिलाएं खुश नजर आ रहीं है, लेकिन हाल में ई-केवायसी सिस्टम के चलते महिलाएं अच्छे खासे परेशान हैं। महतारी वंदन योजना के तहत राजनांदगांव जिले में 3.55 लाख हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल रहा है। योजना के तहत लगभग 11 हजार महिलाएं ऐसी हैं, जिनका आधार कार्ड विवरण अपडेट नहीं हुआ है। इनमें कई महिलाओं का आधार एक्सपायर हो चुका है। अधिकारियों का कहना है कि यह समस्या मुख्य रूप से आधार कार्ड के हर दस साल में अपडेट होने की अनिवार्यता के कारण उत्पन्न हुई है। आधार कार्ड के नियमित अपडेट का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हितग्राही वास्तव में जीवित है या नहीं, उसने अपना निवास स्थान मकान, जिला या राज्य तो नहीं बदल लिया है या उसके विवरण में कोई अन्य महत्वपूर्ण बदलाव तो नहीं हुआ है। अधिकारी इसे एक प्रकार का जीवन प्रमाण बताते हैं, जो सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और सही लाभार्थी तक लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक है।

## महतारी वंदन योजना में पंजीकृत कई महिलाएं मृत, अपात्र लोग भी ले रहे लाभ

अलग खबर

### अवधि में इजाफा, ई-केवाईसी जरूरी

बताया गया कि ई-केवाईसी के लिए पहले 15 नवंबर की अवधि तय की गई थी, लेकिन सर्वर की समस्या एवं हजारों महिलाओं के बचे रहने के चलते इसकी अब अवधि बढ़ा दी गई है, जिन महिलाओं की ई-केवाईसी अब तक नहीं हो पाई है, वह नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र, महिला एवं बाल विकास कार्यालय में जाकर प्रक्रिया पूरी करवानी होगी। विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन महिलाओं का आधार विवरण अमान्य पाया जाएगा, उनका भुगतान अस्थायी रूप से रोक दिया जाएगा।

### खास बातें

- जिले में हर महीने आ रहे साढ़े 25 करोड़ रुपए
- आंगनबाड़ी केंद्रों में भी किया जा रहा ई-केवाईसी का काम



### जिले में 2.55 लाख लाभार्थी

प्रदेश सरकार द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना के तहत जिले में कुल 2.55 लाख महिलाओं का पंजीयन है। इन महिलाओं को मार्च 2024 से योजना के तहत हर महीने एक हजार रुपए की राशि दी जा रही है। इनमें से ई-केवाईसी के लिए शेष 11 हजार महिलाओं को अपना ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। इसके बाद ही योजना के तहत उन्हें राशि दी जाएगी। ज्ञाता हो अब तक योजना की 19 किस्त जारी की जा चुकीं है।

## बोरतलाव के कनर्घुरा जंगल में संयुक्त आपरेशन जारी

# मुठभेड़ में निरीक्षक शहीद, तीन राज्यों की फोर्स ने घेरा जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ के बोरतलाव के समीप कनघुर्रा के जंगल में बुधवार को हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में बालाघाट जिले में पदस्थ टीआई आशीष शर्मा शहीद हो गए। नक्सलियों के दर्रेकसा दलम को घेरने निकली मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ-साथ अर्द्धसैनिक बलों ने देर रात तक जंगल को घेरे रखा है। पुलिस के अधिकारियों की माने तो मुठभेड़ में नक्सलियों के भी मारे जाने की संभावना है। पुलिस द्वारा व्यापक पैमाने पर सर्चिंग आपरेशन लांच किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार पिछले दो-तीन दिनों से दर्रेकसा नक्सल दलम के करीब दर्जनभर से ज्यादा नक्सलियों के बार्डर इलाके में स्थित कनघुर्रा के जंगल में सक्रिय होने की सूचनाएं सामने आने के बाद तीन राज्यों की फोर्स ने संयुक्त आपरेशन लांच किया था। आज सुबह सर्चिंग के दौरान नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद फोर्स ने भी मोर्चा संभालते हुए कई राउंड फायरिंग की। मुठभेड़ में बालाघाट के निरीक्षक आशीष शर्मा को कंधे और जांघ में गोली लगी। डोंगरगढ़ अस्पताल लाने के दौरान वे शहीद हो गए। इधर तीन राज्यों की फोर्स ने बोरतलाव से लगे कनर्घुरा के जंगल को घेर लिया है। बताया जाता है कि तीनों राज्यों से अतिरिक्त फोर्स भी मौके पर पहुंच गई है। इसके साथ ही आईटीबीपी और सीआरपीएफ के जवानों ने भी मोर्चा संभाला है। अधिकारिक सूत्रों की माने तो फायरिंग में नक्सलियों के भी मारे जाने की संभावना है। यही कारण है कि फोर्स ने व्यापक पैमाने पर सर्चिंग शुरू की है। आपरेशन के रातभर चलने के संकेत मिल रहे हैं।



### आपरेशन जारी

तीन राज्यो द्वारा संयुक्त रूप से नक्सलियो के खिलाफ आपरेशन लांच किया गया है। एमपी का एक निरीक्षक शहीद हुआ है। जंगल में सर्चिंग तेज कर दी गई है।
**अभिषेक शाडिल्य,** आईजी

### जाबांज अफसर थे शहीद आशीष

आशीष शर्मा मूल रूप से नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में बोहानी गांव के रहने वाले थे। उनका चयन 2016 में सब इंस्पेक्टर के पद पर हुआ था। इससे पहले वे इंटेलिजेंस में आरक्षक के पद पर सेवाएं दे रहे थे। नक्सलियों का एनकाउंटर करने पर पुरस्कार स्वरूप मध्यप्रदेश सरकार ने आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया था। पिछले दो साल में भारत सरकार से उन्हें दो वीरता पदक मिला। सूत्रों ने बताया कि आशीष की जनवरी माह में शादी भी होने वाली थी।

### आला अफसरों ने संभाला मोर्चा

तीन राज्यों की फोर्स द्वारा चलाए जा रहे इस नक्सल आपरेशन में अविभाजित जिले के आला अफसरों ने भी मोर्चा संभाला हुआ है। आईजी अभिषेक शाडिल्य, एसपी अंकिता शर्मा, खैरागढ़ एसपी लक्ष्य शर्मा भी छत्तीसगढ़ की फोर्स का नेतृत्व कर रहे हैं। आपरेशन में मध्यप्रदेश की हॉक, महाराष्ट्र की सी-60, छत्तीसगढ़ की एसटीएफ के साथ-साथ आईटीबीपी और सीआरपीएफ के सैकड़ों जवान मोर्चा संभाले हुए हैं। विस अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने आपरेशन में शहीद अफसर अशीष शर्मा को श्रद्धांजली दी है।

# सीमेंट की सड़क पर बिछा रहे डामर की परत
## डेढ़ करोड़ के काम की गुणवत्ता पर भी सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में खराब सड़कों से परेशान लोगों को राहत देने की जगह बसंतपुर स्थित कृषि मंडी में लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से डामरीकरण कार्य कराया जा रहा है। बड़ी बात यह है कि जिस स्थान पर यह डामरीकरण हो रहा है, वहां पहले से ही सीमेंटीकरण किया हुआ है। ऐसे में सीमेंटीकरण के ऊपर एक डामर की परत केवल नाम के लिए चढ़ाकर बड़ा खेल किया जा रहा है, जिस पर अब सवाल भी उठने लगे हैं।

उल्लेखनीय है कि बरसात से पहले शहर की सड़कों का हाल सुधारने के लिए दस करोड़ रुपए की राशि जारी की गई थी।। बारिश के पहले बाजार इलाकों में डामरीकरण किया गया था, लेकिन गुणवत्ताहीन डामरीकरण के चलते एक बार फिर शहर में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। शहर के मुख्य वार्ड के अलावा आउटर के वार्डों में भी कई सालों से डामरीकरण कार्य नहीं हुई है। शहर में कई ऐसी सड़कें शेष हैं, जहां डामरीकरण की आवश्यकता है। इन सड़कों से रोजाना हजारों लोग आवाजाही भी करते है, परन्तु शहर में डामरीकरण कराने की जगह शासन ने 1.33 करोड़ रुपए का फंड मंडी के लिए जारी कर दिया है।



### कमीशनबाजी की शिकायत

मंडी परिसर में होने वाली डामरीकरण के काम को ठेकेदार द्वारा शुक्रवार से शुरू कर दिया गया है। सूत्रों की माने तो 1.33 करोड़ रुपए खर्च करने की जगह केवल नाम के लिए डामर की परत चढ़ाकर खानापूर्ति की जाएगी। इसमें अफसरों से लेकर सत्ताधारी दल के नेताओं के नाम भी कमीशन को लेकर सामने आ रहे हैं। जबकि दूसरी ओर विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गुणवत्तायुक्त काम के निर्देश दिए हैं, लेकिन कमीशनबाजी के चलते यह होना संभव नजर नहीं आ रहा।

### शहर की सड़क खराब, मरम्मत नहीं

इधर शहर में कुछ महीने पहले ही बनाई गई कई सड़कें दोबारा से खराब हो गई है। हालत यह है कि कई सड़कों में दर्जनों गड्ढे देखने को मिल रहे हैं। उसके बावजूद निगम ठेकेदारों से उन सड़कों को सुधार नहीं करवा रहा है। ऐसे में निगम के अफसरों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ज्ञात हो कि कुछ महीने पहले ही करोड़ों रुपए की लागत से यह सड़कें बनाई गई है। उस समय गुणवत्ताहीन काम का नतीजा है कि सड़कें खराब हो गई है।

## शिकारी की गोली से घायल हुआ युवक

- खड़गांव में देर शाम की घटना

**मोहला।** बुधवार देर शाम हाथ में बंदूक लेकर खड़गांव में शिकार के लिए घूम रहे शिकारी के गोली लगने से डोंगरगांव थाना क्षेत्र के नवागांव निवासी एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे आनन-फानन में घटनास्थल से राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज बेहतर इलाज के लिए पहुंचाया गया है।

घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार आज देर शाम खड़गांव बस्ती में शिकार के लिए घूम रहे आरोपी लाल दास दुग्गा 35 वर्ष निवासी ढोकला के बंदूक से चली गोली से डोंगरगांव थाना क्षेत्र के नवागांव निवासी जीवन पटेल 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे घटना के बाद शाम 7 बजे के लगभग मोहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से उसे गंभीर स्थिति में मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया है।

**बहन के यहां पहुंचा था घायल**

बताया गया कि डोंगरगांव थाना क्षेत्र के नवागांव निवासी जीवन पटेल अपनी बहन के यहां खड़गांव पहुंचा हुआ था, जहां आरोपी शिकारी लाल दास के बंदूक से चली गोली से वह घायल हो गया।

**एयर गन या भरमार से चली गोली**

खड़गांव थाना प्रभारी संजय यादव ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। गोली एयरगन या भरमार बंदूक से चली है। जिसकी जांच की जा रही है, आरोपी बेहद नशे में है।

**पसली में फंसी गोली**

घायल युवक जीवन पटेल के बांये पसली में गोली फंसने कि बात कही जा रही है, जिसे खड़गांव से मोहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। स्थिति गंभीर होने की वजह से मेडिकल कॉलेज राजनादगांव रेफर किया गया है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरो सर्जन
डॉ. घनश्याम बिसेन ससापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
● एक्सीडेंट या दुर्घटना से मस्तिष्क या रीढ़ की हड्डी की चोट
● ब्रेन एवं स्पाइनल ट्यूमर/ रसोली या गांठ
● हाइड्रोकेफलस (मस्तिष्क में पानी भरना) ● गर्दन या कमर दर्द
● डिस्क की बीमारी (सर्वाइकल या सयाटिका की प्राब्लम)
● ट्यूबरकुलोसिस स्पाइन
● ब्रेन एन्यूरिसम (खून की नसों में गुब्बारा बन जाना)
● ब्रेन हेमरेज या स्ट्रोक / लकवा रीढ़ की हड्डी के अन्य जटिल ऑपरेशन
● विभिन्न प्रकार के सिर दर्द/ ट्राईजेमिनल न्यूरालजिया
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
Time - 3 PM to 6.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## उत्पात मचाया दो पर कार्रवाई



**राजनांदगांव।** शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। डोंगरगांव पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस अभियान के तहत थाना किरगी में उत्पात मचाने वाले अनावेदक टिकेश्वर 19 साल व देवेन्द्र 25 साल दोनों निवासी ग्राम किरगी के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर धारा-170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत ईस्तगासा तैयार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

AMAR
JEWELLERS
GOLD | SILVER | DIAMOND



शादी का गहना मतलब
अमर ज्वेलर्स
All Types Of Jewellery
GOLD | SILVER | DIAMOND
22 वर्षों से आपकी सेवा में...
सेवा का अवसर जरूर देवें...
07744-407111, 98271-82084
पता - सदर बाजार, राजनांदगांव (छ.ग.) 491441

## खबर संक्षेप

### सुखबती ने ऐप से लिया टोकन

**मोहला।** जिले में धान खरीदी सुचारु रूप से प्रारंभ हो गई है। ग्राम कान्हे की बुजुर्ग महिला किसान सुखबती बाई ने अंबागढ़ चौकी धान उपार्जन केंद्र में 18.40 क्विंटल धान बेचा और धान विक्रय की पूरी प्रक्रिया की सराहना करते हुए अपना अनुभव साझा किया। सुखबती ने परिवार जनों की सहायता से तुहर टोकन मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन कटाया। तय समय पर पहुँचने पर उनका धान जल्दी तौला गया। जैसे ही धान तौलकर खरीदी की प्रक्रिया पूर्ण हुई, सुखबती बाई के चेहरे पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी।

### अग्निवीर के लिए शिविर में दिया मार्गदर्शन

**मोहला।** 12 से 14 नवंबर तक जिला प्रशासन के सहयोग से अग्निवीर वायुसेना पद के लिए मार्गदर्शन शिविर आयोजित किया गया। तीन दिवसीय शिविर में वायुसेना भर्ती कार्यालय भोपाल के अधिकारी डीएस मराठे जूनियर वारंट ऑफिसर और राजेश कुमार सार्जेंट ने कुल 689 आवेदकों को भर्ती प्रक्रिया, योग्यता मानदंड और अन्य संबंधित पहलुओं के बारे में बताया। गत 12 नवंबर को लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय, अंबागढ़ चौकी में 178, कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मोहला में 198 आवेदक उपस्थित हुए। इसी प्रकार 13 नवंबर को लाल श्यामशाह महाविद्यालय, मोहला में 157 और अंतिम दिन 14 नवंबर को नवीन महाविद्यालय, मानपुर में 126 आवेदक शामिल हुए।



### विद्यार्थियों ने उकेरा तस्वीरें

**अर्जुनी।** नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में 18 नवंबर को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में समस्त संकायों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। स्पर्धा में प्रथम प्राची, भारती, योगेश, मनीषा, द्वितीय गुलाब, आकांक्षा, उपासना, जया तथा तृतीय स्थान देव्यानी, मोनिका, सरस्वती बीए तृतीय सेमेस्टर, खोमलता, ओमलता, चांदनी, नेहा बीएससी तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. संजूसिंह ने किया।



### स्पर्धा में दिखी छात्रों की प्रतिभा

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती के निर्देशानुसार युवा उत्सव के तहत विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशा चौधरी, डॉ. नीता राजपूत, जीके यादव, पूर्वेश बांधव, अविनाश सिंह एवं डॉ. गोकुल प्रसाद ने किया। क्ले मॉडलिंग स्पर्धा में प्रतिभागियों ने छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रथम इंद्रजीत साहू, द्वितीय पवनरेख वर्मा, तृतीय स्थान लीना देवांगन ने प्राप्त किया। कार्टूनिंग स्पर्धा में रागिनी पडोटी ने कलात्मक दक्षता के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सामूहिक लोक नृत्य में सुभाष साहू, भूपेश सिंह, मोहित कंवर, राहुल साहू, शंकर साहू, आकांश कुमार, आरती कंवर, रेणुका ठाकुर एवं महिमा मरकाम ने प्रथम स्थान हासिल किया।



### विजेता प्रतिभागी सम्मानित



**सड़क अतरिया।** गर्ग विद्यालय खैरा नवापारा में बुधवार को आयोजित स्पर्धा के विजेता प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। बाल दिवस के मौके पर विद्यालय में निबंध, चित्रकारी, रंगोली, मेहंदी, विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। जिसके विजेता तान्या ठाकुर, मानवी जंघेल, रोशनी साहू, दामिनी, कनक, रागिनी, एनाक्षी, हेमंत कुमार, नमित जंघेल, विवेक जंघेल, हर्ष जंघेल, मिथलेश जंघेल, मुरली जंघेल, कृष्णा, गिरिराज, अखिल कुमार, संध्या, विभा को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य गोवर्धन जंघेल, शिक्षक गौरव जंघेल, माधुरी धुर्वे, गायत्री मिर्चे, रितु वर्मा, गितेश्वरी जंघेल, टिकेश्वरी जंघेल, मधु निषाद उपस्थित थे।

### संस्कृति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने त्यागी



**मुरमुंदा।** गौ माता राष्ट्रमाता सनातन हिंदू परिषद गौ रक्षा दल केंन्द्रीय कार्यालय सिद्ध पीठ मां शाकुभरी मंदिर शंकराचार्य आश्रम सहारनपुर के मुख्य संरक्षक सहजानंद ब्रह्मचारी के निर्देश पर गौ रक्षा दल के राष्ट्रीय सचिव सत्यम चौबे ने गौ रक्षा के प्रति निष्ठा को देखते हुए महंत इंद्रपाल त्यागी को राष्ट्रीय अध्यक्ष संस्कृति प्रकोष्ठ नियुक्त किया है। गौ रक्षा दल ने उन्हे बधाई दी है।

### पूजा पाठ कर धान खरीदी का शुभारंभ



**डोंगरगढ़।** लाल बहादुर नगर में जनप्रतिनिधियों ने पूजा पाठ कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सोसायटी के प्राधिकृत अधिकारी बोधीराम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, राजेन्द्र तिवारी, वेदराम ताम्रकार, नगर पंचायत उपाध्यक्ष छबिधर साहू, रुपेश सिन्हा, छबिलदास साहू, राजकुमार साहू, तिलक साहू, संतोष यादव, नारायण ताम्रकार सहित बडी संख्या में किसान उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि भाजपा सरकार वादे के मुताबिक किसानों का एक एक दाना खरीदने प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल एवं 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा।

## विधायक निधि से स्वीकृत काम का बदल दिया स्थल

# मुरमीकरण करना था मक्काटोला में, सरपंच ने कराया हीरापुर में

### अब मूल्यांकन के लिए इंजीनियर पर दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विधायक विकास निधि से स्वीकृत कार्य पर विवाद खड़ा हो गया है। विधायक दलेश्वर साहू ने ग्राम पंचायत मक्काटोला के खपरीखार धरसा में मुरुमीकरण कार्य के लिए 1 लाख की स्वीकृति दी थी। ग्राम पंचायत मक्काटोला की सरपंच संध्या प्रमोद वर्मा ने मनमानी करते हुए काम को मक्काटोला से हटाकर हीरापुर में करा दिया। जब आरईएस के इंजीनियर केपी पवार मूल्यांकन और सत्यापन के लिए पहुंचे, तब मामले की सच्चाई सामने आई।

इंजीनियर ने बताया कि निर्धारित स्थल पर कार्य ही नहीं हुआ, बल्कि काम को बिना अनुमति दूसरे स्थान पर करा दिया गया है। अब गलत तरीके से मूल्यांकन करने दबाव बनाया जा रहा है। इंजीनियर पवार ने स्पष्ट किया कि कार्य स्थल परिवर्तन काम शुरू होने से पहले जिला पंचायत से अनुमोदित होना चाहिए। कार्य पूर्ण होने के बाद किसी अन्य स्थान का मूल्यांकन किया जाना संभव नहीं है। उन्होंने राजनीतिक दबाव में मूल्यांकन करने से साफ इंकार कर दिया। जनपद सीईओ भगवती साहू ने बताया कि कार्य जहां स्वीकृत हुआ है वहीं होना चाहिए। दूसरी जगह काम हुआ है तो बिल पारित नहीं हो सकता।




### रातों-रात समतलीकरण

ग्रामीणों का आरोप है कि हीरापुर में सिर्फ 35- 40 ट्रिप मुरुम डालकर रातों-रात मशीन से समतलीकरण कर दिया गया। इतना ही नहीं अग्रिम राशि भी आहरित कर ली गई है।सवाल यह है कि केवल 35-40 ट्रिप मुरुम में एक लाख का काम कैसे पूरा हो गया? यह मामला अब विवाद का विषय बन गया है। ग्रामीण जांच और कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### प्रस्ताव बाद में पास

जानकारी के अनुसार सरपंच ने हीरापुर में न सिर्फ मुरुमीकरण करवा दिया, बल्कि मक्काटोला के नाम का बोर्ड भी लगा दिया, ताकि मामला दब जाए। हैरानी की बात यह है कि काम पूरा होने के बाद पंचायत में स्थल परिवर्तन का प्रस्ताव पारित किया गया, जबकि नियमतः स्थल परिवर्तन कार्य प्रारंभ होने के बाद नहीं हो सकता। सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद वर्मा ने बताया कि प्रस्ताव जिला पंचायत भेज दिया है।

## शराब दुकान में बढ़ी खरीदारों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

- शीघ्र ही देशी मदिरा भी मिलने लगेगी
- आने वाले दिनों में बिक्री बढ़ने की संभावना

ग्राम में खुली सरकारी शराब दुकान में दिनों दिन शराब खरीदने वालों की भीड़ बढ़ते जा रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि आगामी समय पर जब देशी शराब बेचा जाएगा तो संख्या में और ज्यादा इफाजा होगा। आबकारी अधिकारी देवांगन ने बताया कि सरकारी शराब दुकान खुलने से मदिरापान करने वालो में खुशी है जिसका बड़ा यह है कि पहले लोगों को शराब खरीदने के लिए दल्लीराजहरा, मानपुर, मोहला क्षेत्रों पर जाना पड़ता था लेकिन अब घर बैठे ही सुविधा मिल रही है। उन्होंने बताया कि आसपास जगह की सफाई कराई जा रही है जिससे आवागमन सुगम हो जाएगा। आगामी समय देशी शराब की बिक्री प्रारंभ की जाएगी जिसके चलते मदिरापान करने वालों को मनपसंद मदिरा मिलने लगेगी।

### नौकरी के नाम पर किया जा रहा गुमराह

सरकारी शराब दुकान खुलने के बाद कुछ लोगों द्वारा आमजनों को गुमराह करते हुए दावा किया जा रहा है कि काम पर शत प्रतिशत लगा दिया जाएगा, जिसके लिए मोटी रकम की डिमांड की जा रही है। एक व्यक्ति ने बताया कि सरकारी शराब दुकान में काम में लगाने के नाम पर मोटी धनराशि मांगी जा रही है। दावा किया जा रहा है कि शराब दुकान में काम पर लगा दिया जाएगा। आबकारी विभाग डीएफओ श्री देवांगन से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि आमजनों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। नौकरी लगाने के नाम पर कोई भी लेन-देन करता है तो तत्काल जानकारी दे। ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा कर्मचारी चयनित किया जाता है।

## प्रभारियों के भरोसे धान खरीदी



### विभागीय काम प्रभावित

अन्य विभाग के कर्मचारियों को धान खरीदी केंद्र में लगाने से उनके मूल काम प्रभावित हो रहे है। बता दे कि धान खरीदी को सुचारू और किसानों की सहूलियत के हिसाब से कराए जाने के लिए प्रशासन को अतिरिक्त बल लगाना पड़ेगा।

**गंडई पंडरिया।** जिले में अधूरी तैयारियों के बीच धान की खरीदी शुरू हो गई है। सहकारी समितियों के प्रबंधक और अन्य कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने के कारण अव्यवस्था देखा जा रहा है।धान खरीदी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अन्य विभागों के कर्मचारियों को प्रभार सौंपकर धान खरीदी किया जा रहा है।

समिति कर्मचारियों के स्थान पर अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की डयूटी धान खरीदी के लिए लगाया गया है, जिनके पास धान खरीदी का अनुभव कम है। नए कर्मचारियों की नियुक्ति से किसान परेशान हो रहे हैं और समय पर धान नहीं बेच पा रहे हैं। हमालों की कमी के कारण तौलाई, रंगाई, सिलाई और धान की बोरियों का छल्ली लगाने जैसे कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। कम्प्यूटर ऑपरेटिंग, फ़ाइल में एंट्री सहित अन्य कार्य भी आंशिक रूप से प्रभावित हैं। किसानों को डर है कि धान बेचने के बाद सही समय पर भुगतान नहीं हुआ तो उनकी आर्थिक परेशानी बढ़ सकती है।

## धोधा में एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**गंडई पंडरिया।** शासकीय महाविद्यालय गंडई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने धोधा में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ सरपंच दूजे राम वर्मा और उपसरपंच राजेश वर्मा ने किया।

शिविर का मार्गदर्शन डॉ. डीपी कुर्रे ने किया। संचालन एनएसएस प्रभारी पीके अमीला ने किया ।शिविर में स्वयंसेवकों ने सामाजिक जागरूकता से जुड़े कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने बारहमासी व सुवा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। साइबर फ्रॉड और नशा मुक्ति जैसे विषयों पर प्रभावी नाटक का मंचन किया। इसके अतिरिक्त बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जन-जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाना, जागरूकता रैली निकालना और स्वयं भोजन बनाना शामिल था।

## मुरूम खनन में लगे वाहन जब्त

- कई दिनों से हो रहा था मुरूम का अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

खरकाटोला- चिद्दों मार्ग पर स्थित भूमि से एक कंपनी द्वारा मुरूम खनन करने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत मिलने पर एसडीएम एम भार्गव ने कार्रवाई करते हुए मौके में मिले दो चेन जेसीबी वाहन एवं 6 हाईवा वाहन को जब्त कर कोटवार के सुपुर्द किया है। पंचनामा कार्रवाई के पश्चात प्रकरण बनते ही जिला कलेक्टर को भेलने की जानकारी एसडीएम भार्गव ने दी। मौके पर मुरूम का अवैध खनन की इतनी अधिक गहराई तक किया गया है कि पानी निकल आयो है। ग्रामीणों ने बताया कि कंपनी ने मुरूम का उत्खनन कर खनिज विभाग को लाखों की चपत



### मैनेजर ने कहा खनन की है अनुमति

कंपनी के मैनेजर पी चक्री ने बताया कि मुरूम का परिवहन मुसरा की ओर चौथी रेल लाइन के लिए किया जा रहा है। मुरूम का खनन करने के लिए खनिज विभाग की अनुमति है। एसडीएम भार्गव ने कंपनी के कर्मचारी को बुलाकर खनन से संबंधित समस्त दस्तावेज जप्त किया। सभी गाड़ियों को थाने में खड़ी करने का निर्देश दिया गया है।

## बच्चों ने लगाए व्यंजनों के स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चेन्दरीबन नवागॉंव में बाल मेला का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों की उपस्थिति में मड़ई, डांग के साथ गॉंव का भ्रमण किया गया। तत्पश्चात प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू, मॉं सरस्वती के चित्र के समक्ष अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ईश्वरलाल ठाकुर थे। अध्यक्षता प्रधानपाठक कोमलचंद आर्य ने की। विशिष्ट अतिथि धनसिंह वासनिक, डेरहाराम साहू, श्रवण साहू, लिकेश्वर साहू, जोहन निषाद, रैनूराम साहू, तेजराम साहू, अमरलाल हिरवानी, हुमनलाल ठाकुर, मनीष नेवरा, चमेली साहू, रीना साहू, पूर्णिमा देवांगन थे। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। कक्षा पहली से आठवीं तक प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र -छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बच्चों ने विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए। इस अवसर पर चन्द्रभूषण साहू, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, बसंत साहू, चैनसिंह साहू, चैतन्य देवांगन, कविता ठाकुर, मोनिका ठाकुर, दीप्ति शेण्डे, टीकम निषाद, ओमप्रकाश विश्वकर्मा एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



### बाल मेला का आयोजन

**डोंगरगांव।** हायर सेकेंडरी स्कूल बीजाभांठा में गत दिनों बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेला में बच्चों द्वारा बनाए गए स्वादिष्ट पकोड़े का आनंद भाजपा मंडल उपाध्यक्ष महेश्वर साहू, केके साहू, मनोज गंगबेर, विपलादास साहू, दिलीप साहू, नादूराम साहू, रूपूदास साहू सहित अन्य ने लिया।

### टंढार में बाल मेला का आयोजन

**गंडई पंडरिया।** प्राथमिक शाला ठंढार में बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के मूलभूत शैक्षणिक कौशल फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी को मजबूत करने के उद्देश्य से एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। यह अनूठा मेला बच्चों का, बच्चों के लिए, बच्चों के द्वारा थीम पर आधारित था, जिसमें कुल 115 विद्यार्थियों की भागीदारी रही। मेले का मुख्य आकर्षण गतिविधि आधारित शिक्षा रहा। बच्चों ने पहल करते हुए खेल-खेल में विभिन्न गतिविधियाँ और हिंदी, गणित, तथा अंग्रेजी की बुनियादी अवधारणाओं को सीखा। इतना ही नहीं, उन्होंने स्टॉलों का संचालन भी किया। मेले में कुल 16 स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें हिंदी के 5, गणित के 5, अंग्रेजी के 4 और बालवाड़ी के 2 स्टॉल थे। इन स्टॉलों में बच्चों ने खुद बनाई गई आकर्षक सहायक शिक्षण सामग्री का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, सेजेस प्राचार्य पवन कुमार ददरया शामिल हुए। उन्होंने बच्चों की रचनात्मक गतिविधियों और सीखने के तरीकों का अवलोकन किया और सराहना की। प्रधानपाठक कौशल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन और संचालन में इस रचनात्मक आयोजन के लिए पालकों और जिला शिक्षा अधिकारी ने शाला परिवार को बधाई दी।





## महिला सशक्तिकरण संघ ने मनायी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

महिला सशक्तिकरण संघ ने भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती गरिमा और श्रद्धा के साथ मनाया। शुरुआत में बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। राधिका जंघेल ने सभी उपस्थित जनों को संविधान के प्रस्तावना की शपथ दिलाई। अमिताभ दुफारे ने बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्षों और आदिवासी अधिकारों के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। महिला सशक्तिकरण संघ की अध्यक्ष पदमा मेश्राम ने वर्ष 2026 के महिला सशक्तिकरण कैलेंडर का विमोचन किया। इस मौके पर अनिल लांडगे, अनिल सहारे और राजेश कोच ने भी अपना उद्बोधन दिया। इस दौरान बबिता काचे, सविता मेश्राम, मनीषा मेश्राम, सरिता गजभिये, अनीता मेश्राम, अनुपमा लांडगे, पूजा मेश्राम, अरुणा गजभिये, सीमा सहारे, उर्मिला मेश्राम, उर्मिला हुमने, सुनंदा डोंगरे, प्रभा चंद्रिकापुरे, किरण मेश्राम और जूली टेंभुरकर सहित अन्य मौजूद थे।



### आश्रम शाला में सांस्कृतिक प्रस्तुति




डॉ.अम्बेडकर आदिवासी आश्रम शाला बछेराभाटा में भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर शाला में कबड्डी, खो खो, बोरा दौड़, कुर्सी दौड़, पोस्टर प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता, भाषण एवं कविता आदि का आयोजन किया गया। गांव में प्रभात फेरी निकाली गई। दीप प्रज्जवलित कर उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए आश्रम शाला के संचालक एसजी मेश्राम ने कहा कि उनका पूरा जीवन जनजातियों की सेवा, उनके अधिकार, जल जंगल जमीन की रक्षा करने में गुजरा।

## सभी ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिले में व्यापक जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने अधिकारियों को नशामुक्त रहने और नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज के विकास में भी बाधक बनता है इसलिए समाज के हर वर्ग को इस विषय पर जागरूक होना आवश्यक है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत भारती चंद्राकर, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, एसडीएम मोहला हेमेंद्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर डीआर ध्रुव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### स्कूलों में भी आयोजन

जिला मुख्यालय के अलावा अनुविभागीय कार्यालयों, स्वास्थ्य संस्थानों तथा पंचायत स्तर पर भी सामूहिक रूप से नशामुक्ति की शपथ ली। कई ग्राम पंचायतों में सरपंच और ग्रामीणों ने एकत्र होकर नशा छोड़ने और दूसरों को प्रेरित करने का संकल्प लिया। जिले के सभी विकासखंडों में भी नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नशामुक्ति विषय पर रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन सहित अन्य गतिविधियाँ आयोजित हुईं।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202511092200014**
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**
विषयः- ब-121 सन्:-2025-2026
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- नर्गिस जहाँ,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नर्गिस जहाँ आ. मतीन अहमद जाति मुस्लिम सा. भगतसिंह चौक डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के स्वयं नर्गिस जहाँ आ. मतीन अहमद का जन्म दिनांक 02.06.1992 को भगतसिंह चौक डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। मो. 9300002161

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 20.11.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/11/2025 को जारी किया जाता है। Neelkanth Janbandhu

मुहर

तहसीलदार,
तहसील- डोंगरगढ़

## खबर संक्षेप

### प्राकृत की जयंती पर सिविल अस्पताल में फल वितरण

**खैरागढ़।** पत्रकार स्व प्राकृत शरण सिंह की जन्म जयंती पर स्वयंसेवी संस्थाओं ने सिविल अस्पताल मे मरीजों को फल व एनर्जी ड्रिंक का वितरण किया।कार्यक्रम का संयोजन मित्र मंगल सारथी ने किया। इस दौरान स्व. सिंह के अनुज भागवत शरण सिंह, गौतम सोनी, शमशुल होदा खान, अनुराग तुरे, राजू यदु, उमेंद पटेल, अमीन मेमन, गोविंद पटेल, उत्तम दशरिया सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अस्पताल प्रशासन से बीएमओ डॉ विवेक बिसेन, डॉ पंकज वैष्णव, डॉ सिमनकर, संजय श्रीवास्तव भी मौजूद थे। इसके अलावा दुर्ग के सूर्य पथ फाउंडेशन गणित माध्यम स्कूल में भी कार्यक्रम आयोजित कर अपने फाउंडर मेंबर स्व. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्था संचालक राजेश पवार ने स्व. प्राकृत शरण सिंह को सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण व्यक्ति बताते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व अत्यंत मिलनसार और प्रेरक था इसलिए उन्हें चाहने वालों की संख्या हमेशा बड़ी रही। गौरतलब है कि स्व. प्राकृत शरण सिंह ने भोपाल, बड़वानी, रायपुर, भिलाई, राजनांदगांव और खैरागढ़ सहित कई शहरों में प्रतिष्ठित अखबारों एवं पत्र पत्रिकाओं में अपनी सेवाएं दीं। वे पत्रकारिता जगत में अपनी सादगी, ईमानदारी और संवेदनशील लेखन शैली के लिए हमेशा याद किए जाएंगे।

### महाविद्यालय में जॉब ओरिएंटेशन प्रोग्राम

**खैरागढ़।** रानी रश्मिदेवी सिंह कालेज मे प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के निर्देशानुसार कालेज के कैरियर काउंसलिंग सेल द्वारा जॉब ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। छात्रों को आधुनिक रोजगार बाजार की मांगों से अवगत कराना और उन्हें भविष्य के कैरियर विकल्पों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत डॉ जितेंद्र कुमार साखरे के स्वागत भाषण से हुई जिसमें उन्होंने छात्रों को कौशल विकास के महत्व के बारे में बताया। विशेषज्ञ सुभाष डोंगरे और तामेश्वर वर्मा प्रथम हॉस्पिटैलिटी प्रशिक्षण केंद्र अंजोरा दुर्ग ने विभिन्न सत्रों का संचालन किया, जिनमें रिज़्यूम तैयार करना, इंटरव्यू कौशल, कम्युनिकेशन स्किल्स और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट जैसे विषय शामिल थे। उन्होने बताया कि आज के समय में तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स भी बेहद आवश्यक हैं। उन्होंने छात्रों को इंटर्नशिप, ऑनलाइन कोर्सेज और जॉब पोर्टल्स का सही उपयोग करने की जानकारी दी। सत्र दौरान पूछे गए प्रश्नों का विशेषज्ञों ने विस्तार से उत्तर दिया। इस दौरान प्रो यशपाल जंघेल, प्रो भबीता मंडावी, प्रो मनीषा नायक, खेमपाल धनकर, विकास जोशी सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

### बच्चों ने बनाया स्वयं शिक्षण सामग्री

**खैरागढ़।** राज्य कार्यालय समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार ब्लाक के प्राथमिक शाला मदराकुही में बाल दिवस पर एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। मेले मे बच्चो ने खेल खेल में गतिविधि करते हुए अवधारणाओं को सीखते हुए भाग लेकर उसका संचालन और आकलन भी स्वयं किया। बच्चो ने अपनी रुचि और पसंद अनुसार स्वयं ही गतिविधि का निर्माण किया और अपने तरीके और स्तर अनुसार सीखते गए। शाला में अध्यनरत 160 बच्चों में 132 विद्यार्थीयों ने मेले में भाग लिया जिसमें हिंदी के 5, गणित के 5 और अंग्रेजी के 3 सहायक शिक्षण सामग्री जिसको बच्चे ने स्वयं बनाया और शिक्षक की भूमिका केवल मार्गदर्शन की रही। मेला बच्चों को क्रियात्मक और रचनात्मक गतिविधियों से जोडऩे वाला था। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से दीपिका चंद्रवंशी पीएमयू गणित विशेषज्ञ, तेजस्विनी निषाद पीएमयू आईटी विशेषज्ञ, मोरजध्वज देवांगन पीएमयू भाषा विशेषज्ञ, सीएसी मदराकुही राकेश कुमार वर्मा ने निरीक्षण किया गया। शाला स्टाफ से प्रधान पाठक निर्मला वर्मा, कमलेश भारद्वाज, गायत्री दीक्षित और कुमारी पूजा शान्दुल ने बच्चो द्वारा बनाए सहायक शिक्षण सामग्री का अवलोकन किया और बेहतर प्रयास सहित अच्छे परिणाम के लिए शुभकामना दी।

### 11 दुकानों का किया जाना था नीलामी

# दुकानों की नीलामी प्रक्रिया निरस्त सीएमओ और एआरआई भी सस्पेंड

## वित्तीय अनियमितता पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

नगर पालिका में दुकानों की नीलामी को लेकर सामने आए 64 लाख 77 हजार रुपए के वित्तीय घोटाले पर नगर पालिका ने आनन-फानन में पूरी नीलामी प्रक्रिया को निरस्त करने का आदेश जारी किया वही शिकायत जॉच बाद नगरीय निकाय ने निरस्तीकरण का आदेश जारी करने वाले सीएमओ कोमल सिंह ठाकुर और एआरआई राजेश तिवारी को भी निलंबित कर दिया।

यह पहली बार है जब नपा मे किसी वित्तीय अनियमितता पर इतनी जल्द कार्रवाई हुई है। मणिकंचन केंद्र धरमपुरा के आठ और फतेह मैदान परिसर स्थित तीन दुकानो को मिलाकर 11 दुकानों को 14 अक्टूबर 2025 को नीलाम किया था। जारी आदेश में नीलामी अपरिहार्य कारणों से नियम-शर्त की कंडिका क्रमांक 04 के आधार पर निरस्त की गई लेकिन आरटीआई कार्यकर्ता और विधायक प्रतिनिधि की शिकायत पर विभाग ने फौरी कारवाई करते हुए वित्तीय अनियमितता के लिए प्रथमदृष्टया सीएमओ कोमल सिंह ठाकुर और नीलामी प्रक्रिया पूरी कराने वाले एआरआई राजेश तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर संयुक्त संचालक कार्यालय दुर्ग अटैच कर दिया है। आदेश मे स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया गया है कि दोनो ने प्रामि नीलामी से द्वितीय नीलामी मे अपेक्षाकृत कम राशि 64.77 लाख के कम राजस्व आय और निकाय द्वारा आअंटन शर्त की कंडिका पांच का उल्लंघन कर पहली बोली के बकायादार को दूसरी बोली मे अवसर दिए जाने के लिए प्रारंभिक जॉच मे अवचार का दोषी पाए गए है।




### सरकारी खजाने को लूटने संगठित

नगरपालिका परिषद में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का खेला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारियो के निलंबन और स्थानांतरण के बावजूद कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया है। अनुपयोगी सामानो की बोगस खरीदी के बाद ताजा मामला दुकानों की नीलामी में किए गए खेला का था जिसमें नपा ने अपने ही खजाने को करीब 65 लाख का नुकसान पहुंचाया। आरोप है कि यह सब कुछ पी और डबल पी के इशारे पर किया गया ताकि उनके रिश्तेदारों को सस्ती कीमत में दुकानें मिल सकें। इन सभी दुकानों की अंतिम बोली 1 करोड़ 48 लाख 42 हजार रुपए तक पहुंची थी लेकिन तय समयसीमा में किसी भी अंतिम बोलीकर्ता ने राशि जमा नहीं की। नियमानुसार ऐसी स्थिति में इन्हे नीलामी प्रक्रिया से बाहर किया जाना चाहिए था परंतु जिम्मेदार अधिकारियों ने ऐसा नहीं किया और उन्हीं लोगों को दुबारा नीलामी में शामिल कर दुबारा नीलामी की औपचारिकता सिर्फ कागज पर पूरी कर ली जिसमे वही पुराने बोलीकर्ता शामिल हुए, जिन्हें पिछली बार से लाखों रुपए कम दर में दुकानें दी गईं थी।

### अपनों को लाभ देने नुकसान की नहीं की चिंता

दुकानों की नीलामी में पहले 1.48 करोड़ की बोली लगी थी, लेकिन रकम जमा न करने वाले बोलीकर्ताओं को भी दुबारा मौका देकर 2025 में दुकानों को आधे से भी कम कीमत पर बांट दिया गया। इससे नगर पालिका को 64.77 लाख रुपए का नुकसान हुआ। यह पूरा मामला उजागर होने के बाद जबरदस्त नाराजगी फैल गई थी। आरटीआई कार्यकर्ता आदित्य सिंह परिहार ने जिला कलेक्टर को विस्तृत शिकायत भेजकर नीलामी को रद्द करने, जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की थी। वहीं विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने भी नगरीय प्रशासन विभाग रायपुर और संयुक्त संचालक दुर्ग को तुलनात्मक सूची सहित शिकायत भेजकर इस नीलामी को संगठित वित्तीय अनियमितता बताया था। खुलासे के बाद उठे सवालों और गंभीर आरोपों ने नगर पालिका प्रशासन को घेरे रखा वही राजनीतिक गलियारों तक नपा की कार्यशैली कठघरे में खड़ी हो गई। इसी दबाव ने नपा ने नीलामी रद्द दी। लेकिन नगरीय प्रशासन विभाग ने शिकायत पुष्टि बाद प्रथम दृष्टया सीएमओ और एआरआई को जिम्मेदार मानते हुए संस्पेंड कर दिया है।

# पराली जलाना गैर कानूनी पड़ सकता है जुर्माना देना

- कृषि विभाग ने जारी किए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर पराली जलाने से नुकसान, उसके प्रबंधन सहित आर्थिक दंड को लेकर कृषि विभाग ने दिशा निर्देश जारी किया है।

उपसंचालक कृषि राजकुमार सोलंकी ने कहा कि धान फसल की कटाई बाद रबी फसल लेने किसान पराली को जला देते है इस भ्रम से कि खेत को राख मिलेगा और खेत भी साफ हो जाएगी लेकिन ऐसा करने से जमीन की उपजाऊ क्षमता और किसानी काम के लाभदायक कीट भी जल जाते है।

वायु प्रदूषण का कारण बनता है जिससे मानव सहित सभी के बीमार होने का खतरा बढ़ जाता है। राजकुमार सोलंकी ने पराली जलाने से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए बताया कि एक टन पराली जलाने से हवा मे 3 किग्रा कार्बन, 513 किग्रा कार्बन डाइ आक्साइड और 92 किग्रा कार्बन मोनो आक्साइड सहित 250 किग्रा राख घुल जाती है। वायु प्रदूषित होती है और आंखो मे जलन सहित सांस संबंधी बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। भूमि की उपजाऊ क्षमता भी कम हो जाती है और एक टन पराली जलाने से 5.5 किग्रा नाइट्रोजन, 2 किग्रा फास्फोरस और 1.2 किग्रा सल्फर जैसे पोषक तत्व नष्ट हो जाते है। उन्होने पराली जलाने की अपेक्षा उसके प्रबंधन की जानकारी देते हुए बताया कि स्टा कल्चर मशीन से पराली का ग्_ के रूप मे उपयोग किया जा सकता है। वेस्ट डी कंपोजर का छिडक़ाव कर सड़ाया जा सकता है और पराली का यूरिया से उपचार करके चारे मे रूप मे प्रयोग किया जा सकता है।

### एकड़ हिसाब से लगेगा फाईन

पराली जलाने से आवास व पर्यावरण विभाग द्वारा जारी अधिनियम की जानकारी देते हुए उप संचालक राजकुमार सोलंकी ने बताया कि प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम तहत फसल अपशिष्ट को जलाना प्रतिबंधित किया गया है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण तहत भी कृषि अवशेषो को खते मे जलाना प्रतिबंधित है इसकी अनदेखी करने पर दंड के रूप मे जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

### गांव को कचरा मुक्त बनाने अभियान

**टाटेकसा।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत भालूकोना में एसबीआई फाउंडेशन, एसबीआई एसजी ग्लोबल एवं शिखर युवा मंच के तत्वावधान में कचरा मुक्त गांव अभियान को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। स्वच्छता के लिए कार्यशाला, स्वच्छता रैली, स्वच्छता संकल्प समारोह एवं स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। गांव में एमएमयू टीम ने कचरा मुक्त गांव कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को सूखा एवं गीला कचरा अलग करने, सफाई रखने के बारे में समझाया। कूड़ेदान का वितरण कर स्वच्छता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अरुण मंडावी, सुनीता उसेंडी, इंद्राबाई, संतराम उसेंडी, देवाजी टेकाम, गुलाबसिंह मंडावी, शंकर मंडावी, योगेश चौहान, डॉ ईश्वर यादव, शशि साहू, निखिल सहारे आदि मौजूद थे।

## करके देखबो सीख के रहिबो पर मेला

**खैरागढ़।** ब्लाक के कट्टहा नवागॉव प्राथमिक शाला में इस वर्ष नए स्वरूप में शासन के निर्देशानुसार गुणवत्ता वर्ष में बाल दिवस को एफएलएन मेला के रूप में मनाया गया। मेले का शुभारंभ प्रधान पाठक रामलाल साहू ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना और देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के तैल चित्र पर माल्यार्पण से किया।

अनिवार्य रुप से प्रत्येक बच्चों में बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान की समझ विकसित करने सहायक शिक्षण सामग्री का निर्माण खुद बच्चों ने किया और बकायदा स्टाल लगाकर सीखने वाली गतिविधि गणित, अंग्रेजी, हिंदी दर्ज संख्या के अनुपात को प्रदर्शित किया। प्रत्येक स्टाल मे निर्माण की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए टीएलएम का प्रदर्शन किया गया।

करके देखबो, सीख के रहिबो थीम पर मेले का आयोजन किया गया। सहायक शिक्षक नीलम कुमार वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों में आत्मविश्वास व शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि होती है। सभी बच्चों को प्रधान पाइक ने चॉकलेट वितरित किया। इस दौरान शांति बाई जोशी, ललेश्वरी जोशी, घनाराम जोशी, रेशमी जोशी सहित अभिभावको व ग्रामीणो की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही।

### धनपतियों से नहीं बौद्धिक लोगों से आता है बदलाव

**खैरागढ़।** भिलाई स्थित कुर्मी संझा सभागार में ओबीसी महासभा दुर्ग-भिलाई द्वारा आयोजित एक दिवसीय अधिवेशन मे दुर्ग संभाग अध्यक्ष विप्लव साहू शामिल हुए। लोगों से खचाखच भरे सभागार में सभा को संबोधित करते हुए विप्लव साहू ने कहा कि समाज में स्थायी परिवर्तन केवल आलोचना से नहीं आता, बल्कि संगठित, योजनाबद्ध प्रयासों से जन्म लेता है। उन्होंने कहा कि आज हमें निराश होने की नहीं, बल्कि सामाजिक बनावट और असमानता की जड़ों को समझ कर उस पर कार्य करने की जरूरत है। इसके लिए निरंतर कार्यशालाओं, संवाद और जनजागरण अभियानों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि समाज परिवर्तन की असली ताकत कभी उद्योगपतियों या राजाओं से नहीं आई है, बल्कि बुद्धिमान, प्रबुद्ध और अपेक्षाकृत कमजोर माने जाने वाले लोगों ने बड़ा बदलाव किया हैं। समाज में क्रांति वही लोग लाते हैं जिनमें संवेदना, समझ और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता होती है। युवाओं पर विशेष जोर देते हुए श्री साहू ने कहा कि सोशल मीडिया के मोहजाल से बाहर निकलकर वास्तविक समाज सेवा में कदम रखना होगा। अधिवेशन में विभिन्न संगठनों और संस्थाओं के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। शैक्षिक प्रगतिशील मंच के निलेश यादव, महासभा जिला अध्यक्ष किशोर निषाद, डॉ भोला साहू सहित अन्य उपस्थित महासभा सदस्यों ने ओबीसी समुदाय की चुनौतियों, शैक्षिक पिछड़ेपन, प्रतिनिधित्व और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। जिलाध्यक्ष डॉ भोला साहू ने बताया कि प्रदेश में सामाजिक समानता की दिशा में ठोस पहल करने और समाज के उपेक्षित वर्गों को एकजुट कर संगठित आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से अधिवेशन का आयोजन किया गया था। अंत में मिशन और रणनीति पर सहमति बनाते हुए सभी प्रतिनिधियों ने मिलकर न्यायपूर्ण समाज निर्माण का संकल्प लिया।

# थाना के सामने से माल वाहक में मवेशियों की तस्करी!

## वीडियो वायरल, पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

स्थानीय पुलिस थाना इन दिनों अपनी कार्यशैली को लेकर सुर्खियों में है। ताजा मामला पशु तस्करी के वाहन का थाना के सामने से गुजरने का सामने आया है। बीती रात सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें साफ दिख है कि बागनदी, चिचोला के रास्ते से होते हुए एक मालवाहक थाने के सामने पहुंचता है जिसमें पशु भरे थे। जब यह वाहन थाने के सामने पहुंचता है तब सड़क पर पेट्रोलिंग वाहन खड़ा रहता है किन्तु पशुओं से भरा वाहन आराम से आगे बढ़ जाता है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र से पशुओं की तस्करी लगातार जारी है। तस्करी की जानकारी सामने आने के बाद भी पशु तस्करों पर कार्यवाही नहीं हो रही है। थाने के सामने से तस्करी यह कोई पहला मामला नहीं है।पहले भी थाने के सामने से पशुओं से भरे वाहन गुजरते रहे है। तस्कर प्रतिदिन गाय, बैल, भैंस की तस्करी कर रहे हैं।

### सवालों के घेरे में पुलिस

थाने के सामने से मवेशियों की तस्करी का वीडियो वायरल होने के बाद कई सवाल खड़े होने लगे हैं कि आखिर थाने के सामने की सड़क ही तस्करों की पहली पसंद क्यो है? यह वीड़ियो वायरल होने के बाद भी अब तक पुलिस प्रशासन कार्रवाई को लेकर मौन है।

### सर्चिंग हुई

रात 11 से दो बजे तक चारों दिशाओं मे सर्चिंग हुई है। सुअर गाड़ी में सभी कागज रहते हैं इसलिए ध्यान नहीं गया होगा।

- आशीष कुंजाम, एसडीओपी

# स्कूली छात्रों ने थाना की कार्यशैली को समझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

- छात्रा अंजली एक घंटे के लिए बनी थाना प्रभारी

14 नवंबर बाल दिवस के अवसर पर केसीजी पुलिस टीम द्वारा थाना छुईखदान में बच्चों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों को थाना की कार्यशैली, सायबर संबंधी जानकारी दिया गया। स्वामी आत्मानंद स्कूल छुईखदान की छात्रा अंजली डे को एक घंटा के लिए थाना प्रभारी बनाया गया।

बाल दिवस के अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम केसीजी द्वारा थाना छुईखदान में बच्चों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पुलिस कार्यप्रणाली, कानून व्यवस्था एवं आधुनिक समय में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सचेत करना था। कार्यक्रम में क्षेत्र के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



### साइबर ठगी पर किया जागरूक

कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। बच्चों को बताया गया कि ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया फ्राड और गेमिंग एप्स के माध्यम से होने वाले अपराधों से कैसे बचा जा सकता है। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल '1930 साइबर हेल्पलाइन' पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई।

### जांच प्रक्रिया को समझाया

पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया किस प्रकार होती है, उन्हें बताया गया कि ऑनलाइन कंप्लेंट रजिस्ट्रेशन पोर्टल के माध्यम से शिकायत आसानी से दर्ज की जा सकती है तथा शिकायत दर्ज होने के बाद उसकी मानिटरिंग और आगे की कार्रवाई किस प्रकार होती है। साथ ही ऑफलाइन प्रक्रिया जैसे लिखित आवेदन, पंजीयन एवं जांच प्रक्रिया को भी सरल भाषा में समझाया गया।

### पुलिस के कार्यों की दी जानकारी

बच्चों को थाना भवन का भ्रमण कराते विभिन्न शाखाओं की भूमिका, रजिस्टर संधारण, डायल-112 की व्यवस्था, बंदी समायावधि, पुलिस कंट्रोल और दैनिक पुलिस कार्यों की जानकारी प्रदान की गई। पुलिस विभाग का उद्देश्य समाज को सुरक्षित रखना, कानून व्यवस्था बनाए रखना एवं हर नागरिक को न्याय दिलाने की दिशा में कार्य करना है।

**छात्रा बनी थाना प्रभारी**

बाल दिवस के उपलक्ष्य में थाना छुईखदान की एक विशेष पहल के तहत स्वामी आत्मानंद स्कूल की छात्रा अंजली डे को एक घंटे के लिए "मानद थाना प्रभारी" की भूमिका निभाने का अवसर दिया गया। छात्रा ने थाना प्रभारी की कुर्सी पर बैठकर कार्यप्रणाली को समझा और पुलिस टीम के साथ संवाद किया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को नेतृत्व, जिम्मेदारी और प्रशासनिक कार्यों की समझ प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर विस्तारपूर्वक दिया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों एवं शिक्षकों ने पुलिस विभाग द्वारा आयोजित इस जागरूकता पहल की सराहना की।

### मतदाता सूची अद्यतन की वास्तविक प्रगति देखी

# प्रभारी सचिव ने किया विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों का औचक निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

प्रभारी सचिव शिखा राजपूत तिवारी ने जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अमलीपारा, घनेली, मदराकुही, सलोनी, रेंगाकठेरा, जालबांधा, जोरातराई, पवनतरा, बाजार अतरिया, चंदैनी और मंडला सहित कई मतदान केंद्रों का स्थल निरीक्षण कर मतदाता सूची अद्यतन की वास्तविक प्रगति देखी।

इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र कुमार ठाकुर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित संबंधित मतदान केंद्रों के बीएलओ, सुपरवाइजर उपस्थित थे।

### पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहें

प्रभारी सचिव ने बीएलओ को स्पष्ट निर्देश दिया कि घर-घर जाकर गणना पत्रक के माध्यम से मतदाता सत्यापन कार्य पूर्ण निष्ठा और पारदर्शिता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से वंचित न रहे, वहीं मृत, स्थानांतरित या डुप्लीकेट नामों को नियमानुसार हटाया जाए ताकि मतदाता सूची त्रुटिरहित और अद्यतित रहे। कई मतदान केंद्रों में डिजिटलाइजेशन का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर गंभीरता जताई। प्रभारी सचिव ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर डिजिटाइजेशन कार्य में ठोस प्रगति सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने बीएलओ को मतदाता जागरूकता गतिविधियों को और सक्रिय बनाने और पात्र मतदाताओं को आगामी निर्वाचन में मतदान के लिए प्रेरित करने की सलाह दी।

# शिक्षा पर कार्यशाला में प्रज्ञावृत्ति को मिली सराहना और सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में व्यावसायिक शिक्षा चुनौती और संभावना विषय पर दुर्ग अछोटी मे दो दिवसीय संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में प्रज्ञावृत्ति कैरियर स्टूडियो कार्यक्रम में व्यावसायिक शिक्षा के आयाम को लेकर खैरागढ़ डाइट खैरागढ़ की प्रस्तुति का शोध व विषय विशेषज्ञों और सहयोगियों द्वारा सराहना साथ प्रतीक चिंह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग में दो दिवसीय संकुल समन्वयकों की कार्यशाला और संभाग स्तरीय डाइट के व्याख्याताओं की प्रस्तुति हुई। कार्यशाला मे आईआईटी एक्सपर्ट, डेयरी उद्योग विशेषज्ञ के साथ दुर्ग संभाग के दुर्ग, खैरागढ़, कबीरधाम, बेमेतरा, बालोद स्थित डाइट और बीटीआई डोंगरगांव को आमंत्रित किया गया था। खैरागढ़ की ओर से व्याख्याता डॉ मकसूद अहमद ने जिला प्रशासन द्वारा स्थापित प्रज्ञावृत्ति करियर स्टूडियो में व्यावसायिक शिक्षा के आयाम और डॉ रचना दत्त ने व्यावसायिक शिक्षा की चुनौती व संभावना विषय पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया।



### कलेक्टर की हुई सराहना

कार्यशाला मे अध्यक्षीय उद्बोधन में शोध और विषय विशेषज्ञ डॉ. शिषिरकना भट्टाचार्य ने डाइट खैरागढ़ के प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि प्रज्ञावृत्ति में हम सब निश्चित रूप से कलेक्टर साहब को साधुवाद देना चाहते है जिन्होने बहुत अच्छी सोच के साथ इसे प्रारंभ किया कि एक अच्छा टीचर एक साथ एक समूह को कनेक्ट कर रहा है और कनेक्टिविटी के साथ टिप्पणियां और मार्गदर्शन रहता है तो व्यवसायीकरण के लिए जिन बातों की प्राइमरी आवश्यकता और माइंडसेट की आवश्यकता है उसे बेहतर मार्गदर्शन मिलेगा।

## सार समाचार

### बैडमिंटन में दिग्विजय और कमला कॉलेज ने मारी बाजी

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव के तत्वावधान में परिक्षेत्र स्तरीय बैडमिंटन पुरूष एवं महिला प्रतियोगिता का



भव्य आयोजन दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। जिसमें कुल 12 महाविद्यालयों की टीमों ने खेल भावना और उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन करते सहभागिता दर्ज की। प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में विजेता दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, उपविजेता शासकीय महाविद्यालय गंडई एवं महिला वर्ग में विजेता शासकीय कमलादेवी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव व उपविजेता दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव रहे। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राजनांदगांव परिक्षेत्र की बैडमिंटन टीम का चयन किया गया है, जो 28 नवंबर को कोंडागांव में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिले एवं परिक्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगी। महाविद्यालय परिवार एवं खेलप्रेमियों ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### छात्रा कुमकुम राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**राजनांदगांव।** शहीद पूर्णानंद साहू शा.उ.मा.शाला जंगलपुर की छात्रा



कुमकुम पिता राधेलाल साहू का चयन राष्ट्रीय शालेय तीरंदाजी क्रीडा प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्राचार्य पूनाराम यादव ने बताया कि व्यायाम शिक्षक मनीष कुमार पांडेय, तीरंदाजी प्रशिक्षक राहुल साहू और भोपेंद्र सिन्हा के मार्गदर्शन में उक्त छात्रा ने कोंडागांव में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में अंडर-14 आयु वर्ग में प्रथम स्थान अर्जित करते यह उपलब्धि हासिल की।

### सोशल मीडिया में टिप्पणी, प्रधान पाठक निलंबित

**राजनांदगांव।** सोशल मीडिया पर प्रदेश सरकार के खिलाफ टिप्पणी करने के एक मामले में प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया गया है। छुरिया विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पैरीटोला के प्रधान पाठक जाकेश साहू द्वारा सोशल मीडिया में एस्मा लगे हुए हड़ताली कर्मचारियों को उकसाने हेतु शासन के विरूद्ध टिप्पणियां की गई है। शासकीय कर्मचारी होते हुए भी सोशल मीडिया में शासन के खिलाफ टिप्पणी करने के चलते उन्हें सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत आचरण पाए जाने पर निलंबित कर दिया गया है। प्रधान पाठक के आचरण को लेकर निलबंन आदेश में कहा गया है कि पूर्व में भी इनके द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरिया के खिलाफ अपमानजनक, अनर्गल टिप्पणी सोशल मीडिया व समाचार पत्रों में की गई थी। वहीं चेन ऑफ कमांड की अनदेखी करते सीधे महामहिम राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को पत्र प्रेषित कर घोर स्वेच्छाचारिता का परिचय दिया गया था। बाद में माफीनामा प्रस्तुत कर सभी आरोपों को स्वीकार करते इस प्रकार के कृत्यों से दूर रहने का आश्वासन दिया गया था।

इसके बाद भी एस्मा लगे हड़ताली कर्मचारियों के समर्थन में शासन के विरुद्ध सोशल मीडिया पर टिप्पणियां की गई। प्रधान पाठक के ऐसे क्रियाकलाप, पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को देखते हुए प्रधान पाठक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ किया गया है।

### बाल संप्रेक्षण गृह में मारपीट, हाऊस फादर, केयर टेकर पर मामला दर्ज

**राजनांदगांव।** बाल संप्रेक्षण गृह के स्टाफ हाऊस फादर व केयर टेकर द्वारा विधि से संघर्षरत बालक के साथ मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बाल संपेक्षण गृह नया ढाबा राजनांदगांव में विरूद्ध विधि से संघर्षरत बालक के साथ 16 नवंबर व 17 नवंबर को बाल संप्रेक्षण गृह के स्टाफ हाउस फादर हिरेन्द्र चंदेल व केयर टेकर मानिक देवांगन द्वारा बेल्ट व हाथ-मुक्के से मारपीट कर चोंट पहुंचाने व ईलाज हेतु शासकीय मेडिकल कालेज पेंड्री में भर्ती कराने की बात की जानकारी पुलिस को मिली।

#### पुलिस ने स्वयं संज्ञान में लिया

जिस पर पुलिस द्वारा स्वयं संज्ञान में लेकर वधि से संघर्षरत बालक के माता-पिता से संपर्क कर आहत के पिता की रिपोर्ट पर थाना लालबाग राजनांदगांव में हाउस फादर हिरेन्द्र चंदेल व केयर टेकर मानिक देवांगन के विरुद्ध धारा 296, 115, 351(2), (3) बीएनएस व किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 75 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# रामलला दर्शन के लिए ट्रेन रवाना, उत्साह से झूमे तीर्थयात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

काशी विश्वनाथ और अयोध्या धाम दर्शन के लिए दुर्ग और बस्तर संभाग से आज तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना हुआ। इस दौरान राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से तीर्थ दर्शन के लिए चौथी ट्रेन रवाना हुई। इस ट्रेन को सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख और भारत वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

छत्तीसगढ़ शासन की तीर्थ दर्शन योजना के तहत पर्यटन मंडल के माध्यम से अयोध्या धाम रामलला और काशी विश्वनाथ दर्शन के लिए 850 तीर्थयात्रियों के साथ राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से ट्रेन रवाना हुई। तीर्थयात्रा के लिए इस वर्ष की यह चौथी ट्रेन है, जो राजनांदगांव से बनकर रवाना हुई है। इस दौरान अयोध्या धाम रामलला दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों में काफी उत्साह नजर आया। रेलवे स्टेशन में पहुंचने पर तीर्थयात्रियों का फूल-मालाओं और बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया गया। तीर्थयात्रियों के लिए रेलवे स्टेशन पर रेड कारपेट बिछाया गया। इस दौरान तीर्थयात्री भी उत्साह से झूमते नजर आए।

#### जताया आभार

तीर्थयात्रा स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाने पहुंचे सांसद संतोष पांडे ने इस योजना के लिए प्रदेश सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यहां से चौथी ट्रेन यात्रा के लिए रवाना हुई है। जिसमें तीर्थयात्रियों का काफी



#### श्रवण कुमार बनकर करा रहे यात्रा

तीर्थयात्रा को लेकर पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय श्रवण कुमार बनकर प्रदेश की जनता को तीर्थ दर्शन करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के मन में इस यात्रा को लेकर काफी खुशी है। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रा स्पेशल ट्रेन बनकर राजनांदगांव से रवाना हुई है। जिसमें दुर्ग और बस्तर संभाग के 850 तीर्थयात्री शामिल हुए हैं।

### तोड़फोड़ करने से घरों को होगा नुकसान

# मोतीपुर-तुलसीपुर अंडरब्रिज निर्माण में तोड़फोड़ का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोतीपुर-तुलसीपुर रेलवे क्रॉसिंग के बीच प्रस्तावित अंडरब्रिज निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ी हुई है। यहां पहले पैदल अंडरब्रिज निर्माण की बात कही गई थी। वहीं अब इसे नए प्रस्ताव के तहत हल्के मोटरयान आवागमन के लिए बनाए जाने की जानकारी मिल रही है। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया है, क्योंकि बड़ा अंडरब्रिज बनने से तोड़फोड़ की कार्रवाई होगी और लोगों को नुकसान होगा।

मोतीपुर-तुलसीपुर रेलवे क्रासिंग पर अंडरब्रिज निर्माण से प्रभावित होने वाले परिवार द्वारा कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि मोतीपुर-तुलसीपुर श्रमिक बाहुल्य बस्ती है, जहां अधिकतर बीएनसी मिल्स के पूर्व श्रमिकों का निवास है, जहां रेलवे क्रासिंग में अंडरब्रिज बनाने का स्वीकृति प्रदान की गई है। हम समस्त लोगों द्वारा शासन-प्रशासन से मांग की गई थी कि आम गरीब लोगों के घरों को बिना तोड़फोड़ व नुकसान के छोटा पैदल अंडरब्रिज बनाया जाए।

जिसके अनुसार रेलवे विभाग द्वारा नक्शा भी तैयार किया गया, लेकिन अब जानकारी मिली है कि मोतीपुर-तुलसीपुर में बड़ी संख्या में लोगों के घरों को तोड़फोड़ कर बड़ा अंडरब्रिज बनाया जाएगा। जबकि कुछ वर्ष पूर्व ही सड़क चौड़ीकरण के नाम पर बिना मुआवजा के तोड़फोड़ कर भारी नुकसान पहुंचाया जा चुका है। आज भी कई परिवार टूटे-फूटे घरों में रह रहे हैं।



#### पैदल अंडरब्रिज बनाने मांग

अंडरब्रिज से प्रभावित होने वाले लोगों ने कहा कि दोबारा तोड़फोड़ के लिए नापजोख शुरू कर दिया गया है। जिससे भय की स्थिति बनी हुई है और मानसिक परेशानी हो रही है। गरीब परिवार दहशत में जी रहे हैं। लोगों ने इस तोड़फोड़ की प्रक्रिया का विरोध करते बिना किसी परिवार के मकान का नुकसान किए पैदल अंडरब्रिज बनाने मांग रखी है।

#### सांसद से अपील

मोतीपुर-तुलसीपुर रेलवे क्रासिंग में पैदल अंडरब्रिज बनने से यहां वाहनों का दबाब नहीं रहेगा। छात्र-छात्राएं, बुजुर्ग, महिलाएं पैदल आवागमन कर सकेंगे। पैदल चलने योग्य अंडरब्रिज बनाने को लेकर स्थानीय लोगों ने सांसद संतोष पांड़े से अपील की है।

## राजधानी में न्याय महापंचायत करणी सेना के अध्यक्ष पहुंचे शहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज सिंह शेखावत आज शहर के लक्ष्मी नगर क्षेत्र पहुंचे। यहां उन्होंने करणी सेना के पदाधिकारी संजय बहादुर के निवास में पहुंचकर सामाजिकजनों से मुलाकात की। राष्ट्रीय अध्यक्ष के शहर आगमन को लेकर करणी सेना के कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आया। यहां उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

राजनांदगांव पहुंचे करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रायपुर पुलिस द्वारा सूदखोरी के आरोप में घिरे विरेन्द्र सिंह तोमर की गिरफ्तारी के बाद सड़क पर नंगे पांव, खुले बदन घुमाने को लेकर इसे न्याय के खिलाफ बताया है। वहीं उन्होंने कहा कि सड़क पर बेहोश होकर जब वह गिर गया और पानी मांगने लगा तो उसे पानी की नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि न्याय प्रक्रिया के तहत तोमर पर कार्रवाई की जानी चाहिए थी। उसका जिस तरह से जुलूस निकाला गया, गलत था। वहीं पुलिस वालों ने तोमर के घर की महिलाओं के साथ बदतमीजी की है। उन्होंने कहा कि बहू-बेटी का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दिया है।

#### महापंचायत में जुटेंगे लाखों

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज सिंह शेखावत ने कहा कि इस पूरे मामले में 7 दिसंबर को राजधानी रायपुर में क्षत्रिय स्वाभिमान न्याय आंदोलन पीड़ित परिवार की अध्यक्षता में किया जाएगा। इसमें संगठन का बैनर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पूरे भारत से क्षत्रिय लाखों की संख्या में आने वाले हैं।

#### गांव-गांव जाकर आमंत्रण

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि अगले 10-15 दिनों तक गांव जाकर महापंचायत के लिए आमंत्रण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि न्याय के लिए जिला स्तर पर आवेदन भी दे रहे हैं, सत्ता का दुरूपयोग नहीं होने देंगे।

## धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण



**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव ने बुधवार को मोहारा वार्ड में निरीक्षण किया। उन्होंने ढ़ाबा सोसायटी अंतर्गत स्थित धान खरीदी केन्द्र मोहारा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के पूर्व अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, पार्षद आलोक श्रोती, बैंक के शाखा प्रबंधक मनीष श्रीवास्तव सहित प्रभारी प्रबंधक मुकेश बंछोर उपस्थित रहे।

महापौर यादव ने धान खरीदी का जायजा लिया और धान खरीदी केन्द्र के प्रभारी अधिकारी-कर्मचारियों ने किसानों की धान खरीदी प्रक्रिया निर्बाध एवं सुचारू रूप से संचालित होने की जानकारी दी। महापौर की टीम ने सोसायटी में धान विक्रय के लिए पहुंचे किसानों से पृथक-पृथक एवं सामूहिक रूप से चर्चा कर धान खरीदी केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्याप्त समस्याओं के संबंध में फीडबैक लिया। महापौर की टीम ने धान खरीदी केन्द्र के कर्मचारियों की हड़ताल के कारण धान खरीदी में आ रही किसी भी प्रकार की परेशानी के संबंध में अन्नदाताओं से पूछताछ की। जिसमें किसानों द्वारा कोई परेशानी नहीं होने की बात कही गई एवं बारदाना की उपलब्धता को भी पर्याप्त बताया गया।

### चाकू दिखाकर मारपीट आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** आपसी विवाद पर गाली-गलौज करते चाकू से हमला कर फरार होने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से धारदार चाकू जब्त किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 7 नवंबर को प्रार्थी ने चौकी चिखली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 नवंबर को रात्रि में वशिष्ट मानिकपुरी द्वारा जान से मारने की धमकी देते चाकू से वार कर फरार हो गया है। रिपोर्ट पर धारा 296, 351(2), 115(2), 118(1) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में चिखली पुलिस टीम तैयार कर आरोपी की पतासाजी कर आरोपी वशिष्ट उर्फ विक्की मानिकपुरी 24 साल शांतिनगर को पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक नग धारदार चाकू जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है।

# आईबी ग्रुप छत्तीसगढ़ राज्य के शीर्ष टैक्सपेयर में हुआ शामिल

- वित्तमंत्री ने दिया विशेष सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग द्वारा आयोजित एक विशेष समारोह में एबीस को टॉप टेनटैक्सपेयर कंपनी के रूप में सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि यह सम्मान नया रायपुर में बने नए जीएसटी ऑफिस के उद्घघाटन समारोह के दौरान उन चुनिंदा उद्योग समूहों को छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा दिया गया, जो नियमित, समयबद्ध और नियमों के अनुरूप जीएसटी भुगतान कर राज्य के आर्थिक तंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



इस अवसर पर आईबी के मैनेजिंग डायरेक्टर बहादुर अली ने कहा कि आईबी हमेशा समय पर और पारदर्शिता से टैक्स भुगतान के सिद्धांतों का पालन करता आया है। हमें गर्व है कि हमारी प्रतिबद्धता को राज्य सरकार ने इस तरह सराहा। हम छत्तीसगढ़ शासन और वाणिज्यिक कर विभाग का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। आईबी ग्रुप आने वाले समय में भी इसी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ राज्य व देश के विकास में योगदान देता रहेगा।

### साइबर अपराधों से बचने किया जागरूक

# धान केन्द्रों में बिक्री व बैंकों से पैसों की निकासी में बरते सावधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के गैंदाटोला थाना परिसर में 'होशियार रहे सियान' के बैनर तले एक व्यापक बैठक रखी गई। जिसमें सायबर अपराधों से बचने की सावधानी एवं जागरूकता के लिए समझाईश दी गई।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक कौशलेश देवांगन के नेतृत्व में थाना परिसर गैंदाटोला में 'होशियार रहें सियान' के बैनर तले एक व्यापक बैठक रखी गई। जिसमें 52 गांव के सरपंच-पंच, कोटवार व प्रमुख व्यक्तियों द्वारा जनजागरूता में अपनी सहभागिता निभाते बैठक में शामिल हुए।



#### बैंकों से पैसा निकालते वक्त बरतें सावधानी

बैठक की अध्यक्षता करते थाना प्रभारी कौशलेश देवांगन द्वारा वर्तमान में जारी शासकीय धान केन्द्रों में धान की बिक्री एवं बैंकों से पैसों की निकासी के नियमों की जानकारी दी गई।

#### साइबर के प्रति किया जागरूक

बैठक में उपस्थितजनों को सायबर अपराध के प्रति भी जागरूक किया गया। बैठक में थाना स्टॉफ गैंदाटोला से सहायक उपनिरीक्षक मेघनाथ सिन्हा, प्रधान आरक्षक सुकलसिंह मेरावी, आरक्षक मोहित साहू, राकेश साहू, अमरसिंह, जलेश्वर, टीकाराम ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

# इंडियन सिल्क हाट को ग्राहकों का मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

**बिजनेस प्लस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इंडियन सिल्क हाट की भव्य प्रदर्शनी को ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। रामाधीन मार्ग महेश्वरी भवन राजनांदगांव में संचालित प्रदर्शनी की संचालिका द्वारा राजनांदगांव वासियों के लिए 14 से 24 नवंबर तक इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, ताकि यहां के रहवासी इस प्रदर्शनी में खरीदी का लुत्फ ले सकें। प्रदर्शिनी में हस्तशिल्प, हैंडलूम एवं हथकरघा से बने सामानों को राजनांदगांववासी बारीकी से जाने और वहां से खरीदारी कर दुकानदारों से हस्तशिल्प व क्राफ्ट से बने सामानों का आनंद और खरीदी कर सकें।

संचालिका तारा ने बताया यहां ग्राहकों का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। इस प्रदर्शनी में भारत के अलग-अलग राज्यों के अथेंटिक व ट्रेडिशनल सिल्क, कॉटन हेंडलूम की विशाल रेंज ग्राहकों के लिए रखी गई है। उन्होंने बताया कि जहां कोलकाता की सिल्क साड़ी तथा भागलपुर की सिल्क साड़ियां महिलाओं को लुभा रही है। वहीं युवतियों के लिए उत्तरप्रदेश की लखनवी चिकन तथा कॉटन सलवार की विशाल रेंज युवतियों को खूब लुभा रही है। इतना ही नहीं राजनांदगांव में आयोजित इस एक्जीबिशन में ग्राहकों को उचित मूल्य पर अच्छे कलेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसमें कोलकाता की सिल्क साड़ी, राजस्थानी मोजड़ी एवं कुर्ती, सिल्क साड़ी, कर्नाटक की पोचमपल्ली साड़ी,



डिजाइनर लेदर जैकेट, उत्तरप्रदेश की लखनवी चिकन व ड्रेस मटेरियल एवं लखनवी साड़ियां, बनारसी सिल्क साड़ी, लेडिस कुर्ती, गुजराती सिल्क साड़ी, मनमोहक मुखवास, भागलपुर की सिल्क साड़ियां, कलकत्ता के जूट बैग, सामानों की विशाल रेंज उपलब्ध है।

ठंड के इस मौसम पर सामानों की खरीदी कर, विशेष आकर्षण की कई वस्तुएं घरों के उपयोग में आने वाली कई समान, ग्राहकों हेतु रखे गए हैं, ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा खरीदी का लाभ उठाए। यहां डेबिट व क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी उपलब्ध है। सुबह 11 से रात 9 बजे तक इस प्रदर्शनी का लाभ ले सकते हैं एवं असुविधा ना हो, इस प्रदर्शनी में इसलिए भवन में ही व्यवस्था के साथ भरपूर स्थान पार्किंग के लिए भी है।

### 20 को संघ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ की राजनांदोल तहसील की आवश्यक बैठक आगामी 20 नवंबर को ग्राम बोरी में आयोजित की गई है। बैठक में गीता जयंती और रामानंद आचार्य जयंती मनाने के संबंध में चर्चा होगी और संगठन के व्यापक विस्तार के बारे में विचार-विमर्श किया जाएगा। उक्त जानकारी अनिल नागवंशी और अरूण भास्कर गुप्ता ने दी।



## मुख्यमंत्री की किसान हितैषी नीतियों से किसानों को मिल रहा मेहनत का सच्चा सम्मान

# धान खरीदी के साथ-साथ किसानों को भुगतान शुरू, 6 करोड़ रुपए जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू, पारदर्शी और तेज रफ्तार में जारी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की किसान केंद्रित नीतियों का प्रत्यक्ष प्रभाव जिले भर में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। सुगम व्यवस्था, तकनीकी सुविधाओं और समय पर भुगतान ने किसानों के बीच भरोसा और उत्साह दोनों बढ़ाया है। धान खरीदी अभियान शुरू होते ही जिले में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस वर्ष धान खरीदी में भुगतान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है और इसका लाभ कबीरधाम जिले के किसानों को मिल रहा है। सरकार की पारदर्शी और त्वरित भुगतान व्यवस्था के चलते समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों के खातों में अब तक 6 करोड़ 06 लाख रूपए सीधे जारी किए जा चुके हैं। समय पर भुगतान मिलने से किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है और खेती के प्रति उनका विश्वास और उत्साह बढ़ा है।

जिले में धान खरीदी के लिए कुल 108 धान उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें से 90 केंद्र सहकारी समितियों के माध्यम से सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं। प्रत्येक केंद्र पर तौल, बारदाना, परिवहन और गुणवत्ता परीक्षण की व्यवस्था को मजबूत किया गया है, ताकि किसान बिना किसी कठिनाई के अपना धान बेच सकें। प्रशासन और समितियों की सक्रियता तथा मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों ने धान खरीदी को गति दी है और भुगतान प्रक्रिया को पहले की तुलना में कहीं अधिक तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्पष्ट कहा है कि किसानों की मेहनत का सही मूल्य समय पर मिलना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी सोच के तहत भुगतान व्यवस्था को पूरी तरह ऑनलाइन और त्वरित किया गया है। किसानों का कहना है कि इस बार उन्हें भुगतान के लिए किसी तरह की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ रही है और पैसा सीधे बैंक खाते में मिल रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और रबी फसल की तैयारी भी आसानी से हो पा रही है। मोबाइल-आधारित टोकन प्रणाली ने भी किसानों की समस्याएं काफी हद तक कम कर दी हैं। अब केंद्रों में अनावश्यक भीड़ नहीं होती और तौल प्रक्रिया भी तेज हुई है।

### जिले की धान खरीदी व्यवस्था इस वर्ष खरीदी और भुगतान को प्राथमिकता



किसानों ने बताया कि पहले जहां भुगतान में देरी होती थी, वहीं अब समय पर राशि मिलने से उनका भरोसा और उत्साह दोनों बढ़ा है। जिले की धान खरीदी व्यवस्था इस वर्ष खरीदी और भुगतान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की वजह से अधिक प्रभावी, पारदर्शी और किसान-हितकारी बनी है। मुख्यमंत्री की किसान-केंद्रित नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है कि किसान निश्चिंत होकर धान बेच रहे हैं और समय पर मूल्य मिलने से उनके जीवन में बड़ा सकारात्मक बदलाव आ रहा है।

# घुघरी-खुर्द में रूद्र महायज्ञ स्थल को बनाया जाएगा भव्य गौ-शाला

### गौशाला निर्माण का यह संकल्प समाज में संस्कार, सेवा व श्रद्धा का उदाहरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ग्राम घुघरी खुर्द में विगत दिवस सम्पन्न हुए श्री सुरभि रूद्र महायज्ञ का समापन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में हुआ। यज्ञ स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों, श्रद्धालुओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। महायज्ञ के दौरान उपस्थित ग्रामवासियों, आयोजक गणेश तिवारी, श्रीमती नेहा तिवारी, आशीष तिवारी सहित समस्त ग्रामवासी घुघरी खुर्द ने सर्वसम्मति से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जिस पावन भूमि पर महायज्ञ आयोजित किया गया, उसी स्थान को भव्य एवं विशाल गौशाला के रूप में स्थापित किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि इस निर्णय का उद्देश्य गौ-संरक्षण, धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का संवर्धन तथा ग्राम में गौ-सेवा का स्थायी केंद्र विकसित करना है।

इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने कामदगिरि पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामस्वरूपाचार्य महाराज से विधिवत आर्शीवाद प्राप्त किया। महाराज ने कहा कि गौशाला निर्माण का यह संकल्प समाज में संस्कार, सेवा और श्रद्धा का उज्जवल उदाहरण है।

ग्रामवासियों ने बताया कि गौशाला निर्माण के प्रारंभिक कार्य जल्द ही शुरू होंगे। भविष्य में यह स्थान क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक और सेवा केंद्र बनेगा, जहां गौ-सेवा के साथ-साथ आध्यात्मिक कार्यक्रम भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीणों ने इस निर्णय को ग्राम के धार्मिक एवं सामाजिक उत्थान की दिशा में बड़ा कदम बताया। महायज्ञ के दौरान पूरा वातावरण मंत्रोच्चार, भजन और भक्ति रस से सराबोर रहा।

# भटरूसे में तीन दिवसीय जोन स्तरीय बाल कौशल प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम भटरूसे में तीन दिवसीय जोन स्तरीय बाल कौशल प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय जोन स्तरीय बाल कौशल प्रतियोगिता में ग्राम भटरुसे सहित आसपास क्षेत्र के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा शानदार व मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अनेकों प्रकार के खेल जैसे खो-खो, कबड्डी, दौड़, बोरा दौड़, लम्बी खेल-कूद का आयोजन किया गया।

वहीं इस जोन स्तरीय बाल कौशल प्रतियोगिता में कुंडा संकुल से परिधि मानिकपुरी एंड ग्रुप ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई वहीं जोन स्तरीय में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल के नाम रौशन किया। जिस पर अतिथियों द्वारा विजयी प्रतिभागितयो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, पदाधिकारी सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# नामदेव समाज की 755वीं जयंती में शामिल हुए : विजय शर्मा

- युवा एवं महिला टीम द्वारा सभी अतिथियों का शॉल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नामदेव समाज द्वारा संत श्री नामदेव महाराज की 755वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें समाज की जिला समिति एवं युवा टीम द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थें। कार्यक्रम का शुभारंभ कोषाध्यक्ष विजय नामदेव के निवास से बैंड-बाजे के साथ निकाली गई भव्य शोभा यात्रा से हुआ, जो राधाकृष्ण बड़े मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां विधि विधान से पूजा-अर्चना, 56 भोग अर्पण और प्रसाद वितरण के बाद सामाजिक भवन में सम्पन्न हुआ।

सामाजिक भवन पहुंचने पर महिला मंडल ने उपमुख्यमंत्री का पारंपरिक आरती और पुष्पवर्षा से भव्य स्वागत किया। मंच पर जिला समिति, युवा एवं महिला टीम द्वारा सभी अतिथियों का शॉल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मंच से उतरकर वरिष्ठजनों को व्यक्तिगत रूप से श्रीफल और शॉल भेंटकर सम्मानित किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अपने संबोधन में समाज के जिला अध्यक्ष अभिताभ नामदेव तथा उनकी टीम के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान कर आर्शीवाद प्राप्त करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने फैंसी ड्रेस में आए बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनसे जय संत नामदेव एवं देशभक्ति के नारे भी लगवाए। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक भवन में स्थान की कमी को देखते हुए जिलाध्यक्ष अभिताभ नामदेव द्वारा अतिरिक्त मंजिल निर्माण की मांग रखी गई, जिस पर उपमुख्यमंत्री ने मंच से ही एक अतिरिक्त मंजिल निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष ने परिसर में सबमर्सिबल मोटर सेट एक सप्ताह में स्थापित कराने की घोषणा की।



कार्यक्रम का संचालन बसंत नामदेव एवं तरुणा नामदेव ने किया। अंत में समाज के सचिव कैलाश नामदेव ने सभी अतिथियों एवं समाजजनों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, नपा उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, श्रीमती सतविंदर कौर पाहुजा, खिलेश्वर साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष बीजेपी अनिल ठाकुर, कन्हैया नामदेव, होरा महेंद्र, प्रदीप नामदेव, जिलाध्यक्ष अभिताभ नामदेव एवं समाज संरक्षक अशोक नामदेव सहित पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक तथा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### 19 से 25 तक करवा सकेंगे धान बिक्री के लिए नवीन पंजीयन

**कवर्धा कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के दिए निर्देश कि खरीफ वर्ष 2025 अंतर्गत किसानों को धान बेचने में सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषक, डूबान-वन पट्टाधारी कृषकों के कैरीफारवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्यवाही 19 से 25 नवंबर तक अतिरिक्त समय का प्रावधान किया है। किसान इसके लिए अपने संबंधित तहसील कार्यालय में जाकर पंजीयन और रकबा संशोधन का कार्य करवा सकेंगे। कलेक्टर श्री वर्मा ने समस्त तहसीलदारों सहित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। गौरतलब है कि खरीफ वर्ष 2025 में एकीकृत किसान पोर्टल के नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्यवाही 01 जुलाई से 31 अक्टूबर 2025 तक करने का निर्देश जारी किया गया था।

### बच्चों को कराया कानन पेंडारी का शैक्षणिक भ्रमण

**कवर्धा।** जिला समग्र शिक्षा कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान 2025 के तहत चारों विकासखंड के बच्चों को कानन पेंडारी बिलासपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, पर्यावरण संरक्षण की समझ व प्रत्यक्ष अवलोकन के माध्यम से ज्ञानवर्धन को बढ़ावा देना था। भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, कैलाश चंद्रवंशी द्वारा हरी झंडी दिखाकर

## भोरमदेव विद्यापीठ में युवाओं को मिल रहा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी का माहौल

**हरिभूमि कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से शुरू हुआ भोरमदेव विद्यापीठ अब प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटे विद्यार्थियों को एक मार्गदर्शी मंच प्रदान कर रहा है। यहां पढ़ रहे विद्यार्थियों के चयन की खबरें अब आने लगी हैं। छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सलेक्शन योग्य प्रदर्शन के लिए परीक्षा पैटर्न के अनुसार उचित मार्गदर्शन और सफलता के सूत्र बताने विषय विशेषज्ञों और पूर्व में चयनित अधिकारियों द्वारा समय-समय पर कैरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया जाता है। जहां सिविल सेवाओं की तैयारी के बारे में एक्सपर्ट एडवाइस छात्राओं को मिलती है। इसी कड़ी में गत 15 नवम्बर को यहां दिल्ली आईएएस अकादमी के संचालक सौरभ चतुर्वेदी भोरमदेव विद्यापीठ के छात्र छात्राओं से रूबरू हुए। उन्होंने छात्रों से कहा कि उप मुख्यमंत्री से जब कबीरधाम जिले के छात्रों के लिए स्थानीय स्तर पर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक उत्कृष्ट मंच तैयार किए जाने की बात हुई तो उनका विजन स्पष्ट था कि संसाधनों के अभाव में यहां की प्रतिभाएं खुद को निखार नहीं पा रही थीं उन्हें एक परीक्षा की तैयारी के लिए एक अनुकूल माहौल उपलब्ध कराना है। यहां से अब बच्चों के चयन का रिजल्ट मिले यह प्रयास हो। जिसके अनुरूप भोरमदेव विद्यापीठ में कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। श्री चतुर्वेदी ने छात्रों से कहा कि परीक्षा में सफलता के लिए बिना रुके नियमित प्रयास जरूरी है। यह चयन के लिए आयोजित होने वाली परीक्षाएं हैं, जो रैंक पर आधारित होती हैं। इसके लिए हर किसी को अपना बेस्ट देना होता है। यहां निरंतता ही चयन की कुंजी है। सिलेबस को समझना, अपने विषयों पर मजबूत पकड़ बनाना और बार बार उसे अभ्यास से उसे पुख्ता करना एक सफल अभ्यर्थी की पहचान है। उन्होंने छात्रों से कहा कि अपने भविष्य निर्माण के लिए पूरे समर्पण के साथ तैयारी में जुटें तो सफलता निश्चित है। गौरतलब है कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का यह प्रतिबद्ध प्रयास है कि जिले के छात्रों को यहां स्थानीय स्तर पर शासकीय सेवाओं की तैयारी के लिए सभी आवश्यक संसाधन मुहैय्या कराए जाएं।

# सीएचसी पिपरिया अस्पताल परिवार में विदाई समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

गत दिनों 15 नवंबर शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया अस्पताल परिवार में तीन मेडिकल अधिकारी जिनमें डॉ पारखी ध्रुव, डॉ सोमेश तिवारी व डॉ दीप नारायण राजपूत और एक दीर्घकालीन पदस्थ सुपरवाइजर पिला कौशिक इन चारों स्वास्थ्य विभाग कर्मी का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर वहां के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद चंद्रवंशी ने अपने संभाषण में कहा कि मैं बहुत ही खुशनसीब इंसान हूं, जो कि सीएचसी पिपरिया अस्पताल परिवार को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए बहुत ही अच्छे स्टाफ मिले है, सभी का कार्य सराहनीय है। उन्होने कहां कि सीएचसी पिपरिया अस्पताल परिवार से विदा लेने वाले चारों स्वास्थ्य विभाग कर्मी को भावभीनी विदाई देते हुए सभी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और उनके आगामी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात विदा लेने वाले चारों स्वास्थ्य विभाग कर्मी को उक्त अस्पताल परिवार ने सम्मानित किया और उन चारों को उपहार स्वारूप स्मरण चिन्ह प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम के अंत में बीईटीओ एलके सोनी ने कार्यक्रम के प्रति आभार व्यक्त किया।




## कोलेगांव के धान खरीदी केंद्र में खरीदी का शुभारंभ



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, कुआंमालगी धान खरीदी केंद्र में बुधवार को धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। बताया जाता है कि शासकीय कर्मचारी का हड़ताल में जाने के बाद शासन द्वारा धान खरीदी करने के लिए व्यवस्था किया गया, जिसमें धान खरीदी प्रभारी मुक्तानंद चंद्रवंशी पटवारी को प्रभारी नियुक्त किया गया। जिस पर प्रभारी द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना करते हुए धान खरीदी केन्द्र में किसानों का धान खरीदी शुभारंभ किया गया। इस दौरान सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष रामाधार शर्मा, मोहन चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व आसपास क्षेत्र के ग्रामीण किसान जन उपस्थित थें। वहीं विकासखंड पंडरिया की ग्राम रूसे के धान खरीदी केंद्र मे बुधवार को धान उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति रुसे पंजीयन क्रमांक 1534 में प्राधिकृत अधिकारी सुधाराम साहू एवं नायब तहसीलदार सुश्री नेहा यूके एवं खाद्य निरीक्षक हिमांशु केशरवानी की उपस्थिति में समिति प्रभारी रविंद्र सिंह पात्रे द्वारा धान खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की जयंती पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

# राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की बैठक में शामिल हुईं: पूर्व विधायक ममता




हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई

दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की बैठक में पंडरिया विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर मंगलवार को शामिल हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में संगठनात्मक मुद्दों, महिला सशक्तिकरण तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। दिल्ली प्रवास के दौरान पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी भारतीय राजनीति की अद्वितीय और साहसी व्यक्तित्व थीं, जिनके नेतृत्व और कार्यो ने देश को नई दिशा दी। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके योगदान को आज भी प्रेरणा के रूप में याद किया जाता है। श्रीमती ममता चंद्राकर ने इस अवसर पर कहा कि इंदिरा गांधी जैसी महान विभूति के आदर्श आज भी समाज और राजनीति में दृढ़ता, संवेदनशीलता और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और महिलाओं से अपील की कि वे इंदिरा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर समाज के विकास में सक्रिय योगदान दें। बैठक में शामिल होने पर पार्टी पदाधिकारियों व महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ममता चंद्राकर का स्वागत किया तथा विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

# जैतपुरी-बेंदरची में वीरांगना लक्ष्मीबाई जयंती हर्षोल्लास के साथ मनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बोड़ला ब्लॉक के ग्राम जैतपुरी-बेंदरची के बालिकाओ ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस बीच पतंजलि परिवार से योग प्रशिक्षक हरिराम साहू ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान में समस्त युवती, बालिकाओं को चाहिए की वे अपना आदर्श वीरांगना लक्ष्मीबाई को बनाए और उनके भाति अपने अंदर भी शौर्य साहस रखे, जिससे वे अपने आत्मरक्षा कर सके। उन्होंने रानी लक्ष्मी बाई की वीर गाथा को सुनाते हुए कहां की देश की स्वतंत्रता के लिए जिस प्रकार झांसी की रानी लक्ष्मी बाई ने अपने अद्भुत शौर्य और पराक्रम से अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी थी, देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनका अमर बलिदान और वीरता हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं, उनके यह बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। साथ ही साथ श्रीमती झाम बाई साहू ने उपस्थित बालिकाओ को बताया कि वर्तमान में बहन-बेटियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर की बहुत जरूरी हैं, इससे वे हर विषम परिस्थितियों में भी आत्मरक्षा कर सकेगी। सभी ने रानी लक्ष्मी बाई जयंती पर यह नारा लगाया की बुंदेले हरबोलो के मुंह हमने सुनी कहानी थी खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी। इस प्रकार सभी ने उनके वीरता की गाथा को गाया।

## खबर संक्षेप

### अमित जोगी आज एक दिवसीय कवर्धा प्रवास पर



**कवर्धा।** जनता कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक अमित जोगी 20 नवंबर को कबीरधाम जिले के दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। जनता कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने बताया कि अमित जोगी 2 बजे रेस्टहाउस कवर्धा पहुंचेंगे जहां कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात करेंगे। उसके बाद जिलाधीश से मुलाकात करेंगे एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपेंगे। जिलाध्यक्ष केशरवानी ने बताया कि जिले मे किसानों कि समस्या, अपराध मे बढ़ोत्तरी, आदिवासी क्षेत्र मे जबरन भूमि अधिकरण, गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य, आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा की बदहाल व्यवस्था, आश्रमों मे अधीक्षक की कमी, डीएमएफ कार्य में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। बिजली बिल की समस्या हर गाँव मे है जहां बढ़ते बिल के कारण लोगों में आक्रोश है। इस विषय को लेकर भी ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिलाध्यक्ष ने जिले के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### आईटीआई पंडरिया में विविध कार्यक्रम आयोजित

**पंडरिया।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पंडरिया, लोरमी रोड ग्राम मोहतारा खुर्द में 10 से 14 नवंबर तक रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य, लोकगीत एवं पारम्परिक वाद्ययंत्रों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों द्वारा निर्मित मॉडल एवं उपकरण तथा छत्तीसगढ़ी पारम्परिक औद्योगिक शिल्पों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। कार्यक्रम श्रृंखला में छत्तीसगढ़ का विकास और हमारी भूमिका मोर छत्तीसगढ़ विषय पर भाषण प्रतियोगिता तथा मोर छत्तीसगढ़ हरियर छत्तीसगढ़ कौशल से समृद्धि विषय पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इसके अतिरिक्त आईटीआई के गौरवशाली पूर्व प्रशिक्षणार्थियों से संवाद, अनुभव साझा करना एवं सम्मान कार्यक्रम भी संपन्न हुए।

### माशिमं रायपुर ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**कवर्धा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर ने विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विशेष पहल की है। विद्यार्थियों के बीच आत्महत्या की बढ़ती घटना, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों की गंभीरता से लेते हुए स्कूल, कोचिंग संस्थान, कॉलेज और प्रशिक्षण केन्द्रों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर केन्द्रित सुविधा शुरू की गई है।

**वारदात:** करंट लगाकर किया शिकार, पांच आरोपी गिरफ्तार

# वन्यप्राणियों के पनाहगार, संरक्षित भोरमदेव अभयारण में दो बायसर का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में वन्य प्राणियों के लिए सबसे सुरक्षित पनाहगार माने जाने वाले भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र में एक बार फिर वन विभाग की चरमराई और खस्ताहाल व्यवस्था के चलते दो वन्यप्राणियों का शिकार हो गया। बताया जाता है कि इस सबसे सुरक्षित अभ्यारण क्षेत्र अंतर्गत चिल्फी परिक्षेत्र के संरक्षित कक्ष क्रमांक पीएफ -333 बहनाखोदरा में शिकारियों ने करंट प्रवाहित जाल बिछाकर दो वन्यप्राणी इंडियन बायसन/गौर (अनुसूची-I) का शिकार कर डाला। खबर तो यहां तक है कि शिकारियों ने इस वारदात को कुछ दिन पूर्व अंजाम देकर मृतक बायसनो के शवों को भी ठिकाने लगा दिया है लेकिन वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी। बुधवार को जब इस वारदात की सुगबुगाहट सामने आई तब आनन-फानन में नींद से जागे वन विभाग ने मामले की सुध ली और मौका मुआयना करने के बाद पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों की माने तो बायसन शिकार मामले में कुछ और लोगों के भी शामिल होने की आशंका है जिसकी तलाश अब की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भगवान भरोसे जिले के भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्रांतर्गत चिल्फी परिक्षेत्र के संरक्षित कक्ष क्रमांक पीएफ -333 बहनाखोदरा के पास गत दिनो शिकारियों ने वन्यप्राणियों के अवैध शिकार की मंशा से करंट प्रवाहित जाल बिछाया था। बताया जाता है कि शिकारियों द्वारा बिछाए गए इस जाल में दो वन्यप्राणी बायसन की फंसने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वन्यप्राणियों के शिकार की सफल रणनीति को अंजाम देने के बाद इन शिकारियों ने मृत बायसनो के शवों को भी ठिकाने लगा दिया और मांस को बांट लिया। हैरानी की बात यह है कि इतना सब हो जाने के बाद भी वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी। घटना के कुछ दिन बाद जब इस शिकार मामले की सुगबुगाहट शुरू हुई तो वन विभाग की नींद टूटी और होश में आए वन विभाग के अधिकारी दल बल तथा अचानकमार टाइगर रिजर्व लोरमी से बुलाई गई विशेष डॉग स्क्वॉड टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटना स्थल से लेकर पास के आबादी क्षेत्र में डॉग स्कॉट की मदद से खोजबीन की गई और बताया जाता है कि खोजी डॉग जिन लोगों के घरों तक पहुंचा उन पांच लोगों को विभाग ने गिरफ्तार कर लिया। हालांकि वन विभाग को जांच पड़ताल के दौरान मृतक बायसन के शव नहीं मिले हैं। हां सूत्रों के मुताबिक घटना स्थल पर वन्यप्राणी के शिकार संबंधी कुछ साक्ष्य और आरोपियों के घरों से कुछ हड्डियां जरूर मिली है। बहरहाल वन विभाग अब इस बेहद गंभीर वन्यप्राणियों के शिकार मामले में आगे की कार्यवाही कर रहा है।



### पांच आरोपी किए गए गिरफ्तार, आगे की कार्यवाही जारी

वन्यप्राणी शिकार मामले की पुष्टि करते हुए वन विभाग ने बताया कि भोरमदेव अभ्यारण्य अंतर्गत चिल्फी परिक्षेत्र के संरक्षित कक्ष क्रमांक पीएफ-333 बहनाखोदरा में वन्यप्राणी इंडियन बायसन/गौर (अनुसूची-I) के दो नग के अवैध शिकार का गंभीर प्रकरण सामने आया है। अभियुक्तों द्वारा विद्युत करंट लगाकर दोनों वन्यप्राणियों का अवैध शिकार किया गया तथा उनके मांस को टुकड़ों में काटकर आपस में बांट लिया गया। इस जघन्य एवं दण्डनीय कृत्य के संबंध में वन विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 9 सहपठित धारा 2(16) क, ख, धारा 30, 32, 39, 44(ख) सहपठित धारा 2, धारा 20, 50, 51 तथा लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 3 एवं 4 के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20771/12 दिनांक 18.11.2025 पंजीबद्ध किया गया। वन अमले द्वारा त्वरित खोजबीन एवं साक्ष्य संकलन के उपरांत आरोपियों – अन्तू पिता गौतर बैगा, सखुराम पिता रामासिंह बैगा, सोनेलाल पिता सुखराम बैगा, कमलेश पिता चमरू यादव तथा इन्दर पिता शतुर बैगा को दिनांक 19.11.2025 को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर 14 दिवस के रिमाण्ड हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिससे प्रकरण की विस्तृत विवेचना सुनिश्चित की जा सके।

### जिले के तथा कथित सुरक्षित जंगलों में पहले भी होते रहे हैं वन्यप्राणियों के शिकार

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में वन्यप्राणियों के शिकार का यह कोई पहला मामला नहीं है इससे पूर्व भी जिले के जंगलों में राष्ट्रीय पशु बाघ तक का शिकार हो चुका है। भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश वनकर्मी मुख्यालय में ही निवास नहीं करते और मैदानी स्तर पर नियमित गश्त नगण्य है। लंबे समय से गश्त की कमी का लाभ उठाकर शिकारी निर्भय होकर बिजली करंट जैसी प्रतिबंधित विधियों का उपयोग कर रहे हैं, जो वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9 व 51 के तहत दंडनीय अपराध है और इसमें कठोर कारावास का प्रावधान है। बावजूद यह कृत्य शिकारियों द्वारा खुलेआम किया जा रहा है।

# सिर्फ फोटोग्राफी के लिए खोले गए वर्षों से बंद सुलभ शौचालय

## बोड़ला नगर पंचायत का अजब-गजब कारनामा




■ विश्व शौचालय दिवस पर निभाई गई सिर्फ औपचारिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

विश्व शौचालय दिवस आया तो बोड़ला नगर पंचायत को भी अचानक याद आ गया कि यहां शौचालय नाम की कोई चीज भी बनी है। महीनों से ताला झेलते-झेलते थक चुके शौचालय को एक दिन की आजादी मिली। झट से ताला खोला गया, और झाड़ू पोछा किया गया और फोटो सेशन जैसा माहौल बनाकर तथा फोटो ग्राफी कराकर फिर शौचालय में ताला जड़ दिया गया। और फिर क्या? क्योंकि समारोह खत्म तो जिम्मेदारी भी खत्म। गौरतलब है कि विश्व शौचालय दिवस हर साल 19 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिन संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्वच्छता, सुरक्षित शौचालय और खुले में शौच मुक्त समाज के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए घोषित किया गया है। नगर पंचायत बोड़ला के बाजार में मौजूद सुलभ शौचालयों का निर्माण भी इस उद्देश्य से किया गया था। लेकिन नगर पंचायत प्रशासन के उदासीन रवैये और घोरलापरवाही तथा इच्छा शक्ति के आभाव में इन सुलभ शौलायों की हालत तो पूछो ही मत। सुलभ नाम है, पर उपलब्धता शून्य है। बाजार क्षेत्र के दोनों शौचालयों में ताले लटक रहे हैं मानो इन में करोड़ों का खजाना छिपा हो। आम जनता तो बस दूर से ही इन सजावटी शौचालयों झलक दिखाई जा रही है। मजेदार बात यह है कि नगर पंचायत प्रशासन बाजार क्षेत्र में दो सुलभ शौचालय की प्रदर्शनी लगाने के बाद अब बोड़ला विश्राम गृह के पास एक और सर्व सुविधायुक्त सुलभ शौचालय पंद्रह लाख अस्सी हजार रूपए की लागत से तैयार कर रहा है। अब देखने वाली बात होगी की इस इस सुलभ शौचालय का सुख आम लोग भोग पाएंगे या फिर बनने के बाद इस पर भी ताला लटका दिया जाएगा और विश्व शौचालय दिवस पर ही फोटोग्राफी के लिए खोला जाएगा।

# अवैध परिवहन करते जब्त की गई 50 बोरी धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले में अवैध धान परिवहन को लेकर निगरानी और कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में ग्राम शीतलपानी में संयुक्त टीम ने संदिग्ध वाहन की जांच की। परिवहनकर्ता नर्मदा साहू से धान परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, किंतु कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 50 बोरी अवैध धान जब्त किया। इस कार्रवाई में संचालनालय खाद्य, रायपुर से पंकज सेतपाल, सहायक संचालक (खाद्य) तथा श्री गौरव, खाद्य निरीक्षक, साथ ही राजस्व एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विशेष रूप से रेंगाखार नायब तहसीलदार श्री साहू एवं उनकी टीम द्वारा सतत निगरानी और त्वरित कार्रवाई में शमिल रहे। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले में अवैध धान के परिवहन एवं अवैध भंडारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। खरीदी सीजन को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी बढ़ाई गई है। कलेक्टर श्री वर्मा ने स्पष्ट किया है कि अवैध धान परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

### वनमाली व पाठक मंच की संगोष्ठी में कवियों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

**कवर्धा।** वनमाली सृजन केन्द्र व पाठक मंच की एक संगोष्ठी गत दिनो स्थानीय सर्किट हाउस के अशोक हाल में संपन्न हुई। संगोष्ठी की शुरुआत में पंडरिया के साहित्यकार शिक्षक महेश पांडे के असामयिक निधन पर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पिछले दिनों ही कैंसर की वजह से महेश पांडे का देहांत हुआ है। पुष्पांजलि नागले, राजाराम हलवाई, संतराम थवाईत, राजकुमार मसखरे, भागवत साहू, सात्विक श्रीवास्तव, महेश आमदे, नीरज मनजीत, अजय श्रीवास्तव, समयलाल विवेक, अंकुर गुप्ता और नरेन्द्र कुमार कुलमित्र ने महेश पांडे के व्यक्तित्व व लेखन से जुड़े कई भावनात्मक संस्मरण सुनाए। सभी रचनाकारों का कहना था कि महेश एक संवेदनशील और सहृदय साहित्यकार थे, जो समसामयिक घटनाओं का गहराई से विश्लेषण करके तीखी टिप्पणियां करते थे। खासकर मुंबई में टाटा मेमोरियल अस्पताल में कैंसर के इलाज के दौरान उनके संवेदनात्मक लेखन और उनकी जिंदादिली को रेखांकित किया गया। काव्यपाठ के दूसरे सत्र की शुरुआत करते हुए अंकुर गुप्ता ने नए तेवर की गजलें सुनाई, जिनके शेरों में जिंदगी के पहलू नए अंदाज में व्यक्त हो रहे थे। राजकुमार मसखरे ने व्यंग्य और हास्य के सम्मिश्रण में कुछ क्षणिकाएं सुनाईं। संतराम थवाईत ने सामयिक राजनीति पर चुटकी लेते हुए तीन कविताएं पढ़ीं। राजाराम हलवाई ने ख्यात कवि रमानाथ अवस्थी की कविता का पाठ किया। देवचरण धुरी ने बड़े ही चुटीले अंदाज में छत्तीसगढ़ कविताएं पढ़ीं। प्रहलाद पात्रे ने अपनी कविता में अकेलेपन की सार्थकता व्यक्त की। युवा कवि सात्विक श्रीवास्तव ने बड़ी ही संवेदनशीलता से आसपास के बिंबों को कविताओं में समेटा। महेश आमदे ने गांव की स्त्री के संघर्ष को कविता में उकेरा और छत्तीसगढ़ महतारी शीर्षक से लंबी कविता के अंश सुनाए। नीरज मनजीत ने प्रकृति के नए बिंबों को आशावादी शब्दों में ढालते हुए क्वांटम भौतिकी पर एक विज्ञान कविता सुनाई। अजय चन्द्रवंशी ने चिरपरिचित अंदाज में तीखे तेवर की कविताएं पढ़ीं। समयलाल विवेक ने वाम विचारों में पगी नई कविताएं सुनाई। नरेन्द्र कुमार कुलमित्र ने लौटना शीर्षक से वर्तमान और अतीत के सकारात्मक पहलुओं को कविता में व्यक्त किया। आखिर में भागवत साहू ने जीवन के द्वंद्व को शब्द दिए।

### पाण्डातराई महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन



**पाण्डातराई।** अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय पांडातराई में गत दिनो रसायन शास्त्र विभाग के द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। जिनके मुख्य विषय जलवायु परिवर्तन और भावी पीढ़ी पर इसका प्रभाव के बारे में मुख्य अतिथि डॉ. मौली थॉमस सहायक प्राध्यापक, भोलाराम घृतलहरे सहायक प्राध्यापक एवं ओमप्रकाश देवांगन सहायक प्राध्यापक के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि हमारी प्रकृति को किस प्रकार से संरक्षण करे और प्रदूषण को कम किया जाए जिसे जलवायु में होने परिवर्तन जैसे बाढ़, भूकंप, तापमान में वृद्धि की समस्या को कम किया जा सके तथा आने वाले पीढ़ियों को समस्याओं का सामना करने की जरूरत ना पड़े। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लखन कुमार तिवारी प्राध्यापक कार्यक्रम के संचालक और रसायन शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार त्यागी सहायक प्राध्यापक एवं डॉक्टर गजानंद साहू अतिथि प्राध्यापक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में बीएससी और एमएससी के छात्र-छात्राओं के द्वारा जलवायु परिवर्तन को पोस्टर प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों की सराहना की गई और पर्यावरण के बारे में जागरूकता लाने का संदेश दिया गया।

### कवर्धा में 22 नवंबर को नि:शुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर

**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर जिला अस्पताल कवर्धा में नागरिकों की स्वास्थ्य जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 22 नवंबर 2025 शनिवार को नि:शुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आमजन को विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम सेवाएं प्रदान करेगी। शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराने की दिशा में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए यह विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र तूरे ने बताया कि शिविर में मेमोग्राफी मशीन, मुख कैंसर परीक्षण (ब्रश साइटोलॉजी) तथा बच्चेदानी के मुख के कैंसर की जांच (पेप स्मीयर) जैसी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिले के सभी विकासखंडों से चिन्हित संभावित कैंसर मरीजों की स्क्रीनिंग कर उन्हें आवश्यक उपचार व्यवस्था एवं सतत फॉलोअप से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य कैंसर के शुरुआती लक्षणों के प्रति जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाना है। चिकित्सकों के अनुसार स्तन में गांठ, मुंह में अल्सर, लगातार खांसी, थकान, वजन में कमी, खून की कमी, गले में गांठ, निगलने में कठिनाई तथा असामान्य रक्तस्राव जैसे लक्षण कैंसर के संकेत हो सकते हैं, जिनकी अनदेखी न करने की अपील की गई है।

**200 यूनिट तक मिलेगा हाफ बिजली का लाभ, प्रदेश के 42 लाख उपभोक्ता होंगे लाभान्वित**

# मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए की बड़ी घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



राज्य के विद्युत उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज विधानसभा के विशेष सत्र में नई बिजली योजना की घोषणा की। अब प्रदेश के ऐसे घरेलू उपभोक्ताओं को जिनका 200 यूनिट तक विद्युत खपत है उन्हें 200 यूनिट तक हाफ बिजली का पूरा लाभ प्राप्त होगा। इस निर्णय से राज्य के 36 लाख घरेलू उपभोक्ता सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। 200 से 400 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं को भी अगले 1 वर्ष तक 200 यूनिट तक हॉफ बिजली बिल का लाभ मिलेगा, इससे 6 लाख उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। इन उपभोक्ताओं को 1 वर्ष तक की छूट दी गई है ताकि इस अवधि में वे अपने घरों में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर प्लांट स्थापित करा सके। इस तरह 200 यूनिट तक हॉफ बिजली बिल योजना से प्रदेश के 45 लाख उपभोक्ताओं में से 42 लाख उपभोक्ता लाभान्वित होंगे, वहीं प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना का लाभ प्रदेश के सभी उपभोक्ताओं को मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हर उपभोक्ता को सस्ती, सुचारू और भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना है। सोलर प्लांट स्थापना प्रक्रिया में समय लगने के कारण घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 1 दिसंबर से नई योजना लागू की जा रही है, जिससे आम जनता के बिजली बिल में महत्वपूर्ण कमी आएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत राज्य शासन की ओर से सब्सिडी दी जा रही है। जिसके तहत 1 किलोवॉट क्षमता के सोलर प्लांट पर 15,000 रुपये तथा 2 किलोवॉट या उससे अधिक क्षमता के प्लांट पर 30,000 रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी दी जा रही है। यह व्यवस्था राज्य में सौर ऊर्जा अपनाने को प्रोत्साहित करेगी और आने वाले समय में उपभोक्ताओं को हाफ बिजली से फ्री बिजली की ओर ले जाएगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह निर्णय न केवल जनता के बिजली बिल को कम करेगा बल्कि राज्य को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा।

# अवैध शराब मामले में फरार रहे आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई/कुकदुर

थाना कुकदूर पुलिस द्वारा अवैध शराब परिवहन प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी धर्मेन्द्र उर्फ सोनू सारीवान को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पंचायत चुनाव के दौरान मध्यप्रदेश से बड़ी मात्रा में शराब की आपूर्ति कराने में शामिल था तथा पुनः मध्यप्रदेश से अवैध शराब छत्तीसगढ़ में लाने के लिए ग्राहक तलाशता हुआ पकड़ा गया। इस मामले में कुकदुर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गत 07-08 फरवरी 2025 की दरमियानी रात एक बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 10 पी 6651 को मध्यप्रदेश आबकारी निर्मित देसी प्लेन मदिरा 39 पेटी कुल 1950 पौवा कीमत लगभग 1,95,000 रुपए सहित मध्यप्रदेश सीमा से कुकदुर क्षेत्र के तेलियापानी धोबे घाट में छोड़कर आरोपी फरार हो गए थे। इस प्रकरण में पूर्व में शराब परिवहन में संलिप्त चालक आरोपी



पियुष कुमार, चुनाव के लिए शराब मंगाने वाले आरोपी तुलसी कश्यप तथा वाहन स्वामी आरोपी लोखन प्रसाद महोबिया को क्रमशः 08. फरवरी 2025, 23 मार्च 2025 एवं 30 मार्च 2025 को गिरफ्तार किया जा चुका था। प्रकरण का एक अन्य आरोपी धर्मेन्द्र उर्फ सोनू सारीवान घटना दिनांक से लगातार फरार चल रहा था। फरार आरोपी की तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भूपत सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुकदुर निरीक्षक संग्राम सिंह के नेतृत्व में लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी कड़ी में 18 नवम्बर को सूचना प्राप्त हुई कि फरार आरोपी पुनः मध्यप्रदेश निर्मित शराब को छत्तीसगढ़ लाने के लिए ग्राहक ढूंढते हुए पंडरिया-खाम्ही बाजार की ओर आ रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए टीम द्वारा पंडरिया-खाम्ही रोड पर घेराबंदी कर आरोपी धर्मेन्द्र उर्फ सोनू सारीवान को पकड़ा गया।

## सार समाचार

### बैडमिंटन में दिग्विजय और कमला कॉलेज ने मारी बाजी

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव के तत्वावधान में परिक्षेत्र स्तरीय बैडमिंटन पुरूष एवं महिला प्रतियोगिता का



भव्य आयोजन दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। जिसमें कुल 12 महाविद्यालयों की टीमों ने खेल भावना और उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन करते सहभागिता दर्ज की। प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में विजेता दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, उपविजेता शासकीय महाविद्यालय गंडई एवं महिला वर्ग में विजेता शासकीय कमलादेवी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव व उपविजेता दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव रहे। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राजनांदगांव परिक्षेत्र की बैडमिंटन टीम का चयन किया गया है, जो 28 नवंबर को कोंडागांव में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिले एवं परिक्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगी। महाविद्यालय परिवार एवं खेलप्रेमियों ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### छात्रा कुमकुम राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**राजनांदगांव।** शहीद पूर्णानंद साहू शा.उ.मा.शाला जंगलपुर की छात्रा



कुमकुम पिता राधेलाल साहू का चयन राष्ट्रीय शालेय तीरंदाजी क्रीडा प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्राचार्य पूनाराम यादव ने बताया कि व्यायाम शिक्षक मनीष कुमार पांडेय, तीरंदाजी प्रशिक्षक राहुल साहू और भोपेंद्र सिन्हा के मार्गदर्शन में उक्त छात्रा ने कोंडागांव में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में अंडर-14 आयु वर्ग में प्रथम स्थान अर्जित करते यह उपलब्धि हासिल की।

### सोशल मीडिया में टिप्पणी, प्रधान पाठक निलंबित

**राजनांदगांव।** सोशल मीडिया पर प्रदेश सरकार के खिलाफ टिप्पणी करने के एक मामले में प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया गया है। छुरिया विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पैरीटोला के प्रधान पाठक जाकेश साहू द्वारा सोशल मीडिया में एस्मा लगे हुए हड़ताली कर्मचारियों को उकसाने हेतु शासन के विरूद्ध टिप्पणियां की गई है। शासकीय कर्मचारी होते हुए भी सोशल मीडिया में शासन के खिलाफ टिप्पणी करने के चलते उन्हें सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत आचरण पाए जाने पर निलंबित कर दिया गया है। प्रधान पाठक के आचरण को लेकर निलबंन आदेश में कहा गया है कि पूर्व में भी इनके द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरिया के खिलाफ अपमानजनक, अनर्गल टिप्पणी सोशल मीडिया व समाचार पत्रों में की गई थी। वहीं चेन ऑफ कमांड की अनदेखी करते सीधे महामहिम राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को पत्र प्रेषित कर घोर स्वेच्छाचारिता का परिचय दिया गया था। बाद में माफीनामा प्रस्तुत कर सभी आरोपों को स्वीकार करते इस प्रकार के कृत्यों से दूर रहने का आश्वासन दिया गया था।

इसके बाद भी एस्मा लगे हड़ताली कर्मचारियों के समर्थन में शासन के विरुद्ध सोशल मीडिया पर टिप्पणियां की गई। प्रधान पाठक के ऐसे क्रियाकलाप, पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को देखते हुए प्रधान पाठक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ किया गया है।

### बाल संप्रेक्षण गृह में मारपीट, हाऊस फादर, केयर टेकर पर मामला दर्ज

**राजनांदगांव।** बाल संप्रेक्षण गृह के स्टाफ हाऊस फादर व केयर टेकर द्वारा विधि से संघर्षरत बालक के साथ मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बाल संपेक्षण गृह नया ढाबा राजनांदगांव में विरूद्ध विधि से संघर्षरत बालक के साथ 16 नवंबर व 17 नवंबर को बाल संप्रेक्षण गृह के स्टाफ हाउस फादर हिरेन्द्र चंदेल व केयर टेकर मानिक देवांगन द्वारा बेल्ट व हाथ-मुक्के से मारपीट कर चोंट पहुंचाने व ईलाज हेतु शासकीय मेडिकल कालेज पेंड्री में भर्ती कराने की बात की जानकारी पुलिस को मिली।

#### पुलिस ने स्वयं संज्ञान में लिया

जिस पर पुलिस द्वारा स्वयं संज्ञान में लेकर वधि से संघर्षरत बालक के माता-पिता से संपर्क कर आहत के पिता की रिपोर्ट पर थाना लालबाग राजनांदगांव में हाउस फादर हिरेन्द्र चंदेल व केयर टेकर मानिक देवांगन के विरुद्ध धारा 296, 115, 351(2), (3) बीएनएस व किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 75 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# रामलला दर्शन के लिए ट्रेन रवाना, उत्साह से झूमे तीर्थयात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

काशी विश्वनाथ और अयोध्या धाम दर्शन के लिए दुर्ग और बस्तर संभाग से आज तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना हुआ। इस दौरान राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से तीर्थ दर्शन के लिए चौथी ट्रेन रवाना हुई। इस ट्रेन को सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख और भारत वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

छत्तीसगढ़ शासन की तीर्थ दर्शन योजना के तहत पर्यटन मंडल के माध्यम से अयोध्या धाम रामलला और काशी विश्वनाथ दर्शन के लिए 850 तीर्थयात्रियों के साथ राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से ट्रेन रवाना हुई। तीर्थयात्रा के लिए इस वर्ष की यह चौथी ट्रेन है, जो राजनांदगांव से बनकर रवाना हुई है। इस दौरान अयोध्या धाम रामलला दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों में काफी उत्साह नजर आया। रेलवे स्टेशन में पहुंचने पर तीर्थयात्रियों का फूल-मालाओं और बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया गया। तीर्थयात्रियों के लिए रेलवे स्टेशन पर रेड कारपेट बिछाया गया। इस दौरान तीर्थयात्री भी उत्साह से झूमते नजर आए।

#### जताया आभार

तीर्थयात्रा स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाने पहुंचे सांसद संतोष पांडे ने इस योजना के लिए प्रदेश सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यहां से चौथी ट्रेन यात्रा के लिए रवाना हुई है। जिसमें तीर्थयात्रियों का काफी



#### श्रवण कुमार बनकर करा रहे यात्रा

तीर्थयात्रा को लेकर पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय श्रवण कुमार बनकर प्रदेश की जनता को तीर्थ दर्शन करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के मन में इस यात्रा को लेकर काफी खुशी है। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रा स्पेशल ट्रेन बनकर राजनांदगांव से रवाना हुई है। जिसमें दुर्ग और बस्तर संभाग के 850 तीर्थयात्री शामिल हुए हैं।

### तोड़फोड़ करने से घरों को होगा नुकसान

# मोतीपुर-तुलसीपुर अंडरब्रिज निर्माण में तोड़फोड़ का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोतीपुर-तुलसीपुर रेलवे क्रॉसिंग के बीच प्रस्तावित अंडरब्रिज निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ी हुई है। यहां पहले पैदल अंडरब्रिज निर्माण की बात कही गई थी। वहीं अब इसे नए प्रस्ताव के तहत हल्के मोटरयान आवागमन के लिए बनाए जाने की जानकारी मिल रही है। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया है, क्योंकि बड़ा अंडरब्रिज बनने से तोड़फोड़ की कार्रवाई होगी और लोगों को नुकसान होगा।

मोतीपुर-तुलसीपुर रेलवे क्रासिंग पर अंडरब्रिज निर्माण से प्रभावित होने वाले परिवार द्वारा कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि मोतीपुर-तुलसीपुर श्रमिक बाहुल्य बस्ती है, जहां अधिकतर बीएनसी मिल्स के पूर्व श्रमिकों का निवास है, जहां रेलवे क्रासिंग में अंडरब्रिज बनाने का स्वीकृति प्रदान की गई है। हम समस्त लोगों द्वारा शासन-प्रशासन से मांग की गई थी कि आम गरीब लोगों के घरों को बिना तोड़फोड़ व नुकसान के छोटा पैदल अंडरब्रिज बनाया जाए।

जिसके अनुसार रेलवे विभाग द्वारा नक्शा भी तैयार किया गया, लेकिन अब जानकारी मिली है कि मोतीपुर-तुलसीपुर में बड़ी संख्या में लोगों के घरों को तोड़फोड़ कर बड़ा अंडरब्रिज बनाया जाएगा। जबकि कुछ वर्ष पूर्व ही सड़क चौड़ीकरण के नाम पर बिना मुआवजा के तोड़फोड़ कर भारी नुकसान पहुंचाया जा चुका है। आज भी कई परिवार टूटे-फूटे घरों में रह रहे हैं।



#### पैदल अंडरब्रिज बनाने मांग

अंडरब्रिज से प्रभावित होने वाले लोगों ने कहा कि दोबारा तोड़फोड़ के लिए नापजोख शुरू कर दिया गया है। जिससे भय की स्थिति बनी हुई है और मानसिक परेशानी हो रही है। गरीब परिवार दहशत में जी रहे हैं। लोगों ने इस तोड़फोड़ की प्रक्रिया का विरोध करते बिना किसी परिवार के मकान का नुकसान किए पैदल अंडरब्रिज बनाने मांग रखी है।

#### सांसद से अपील

मोतीपुर-तुलसीपुर रेलवे क्रासिंग में पैदल अंडरब्रिज बनने से यहां वाहनों का दबाब नहीं रहेगा। छात्र-छात्राएं, बुजुर्ग, महिलाएं पैदल आवागमन कर सकेंगे। पैदल चलने योग्य अंडरब्रिज बनाने को लेकर स्थानीय लोगों ने सांसद संतोष पांड़े से अपील की है।

## राजधानी में न्याय महापंचायत करणी सेना के अध्यक्ष पहुंचे शहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज सिंह शेखावत आज शहर के लक्ष्मी नगर क्षेत्र पहुंचे। यहां उन्होंने करणी सेना के पदाधिकारी संजय बहादुर के निवास में पहुंचकर सामाजिकजनों से मुलाकात की। राष्ट्रीय अध्यक्ष के शहर आगमन को लेकर करणी सेना के कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आया। यहां उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

राजनांदगांव पहुंचे करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रायपुर पुलिस द्वारा सूदखोरी के आरोप में घिरे विरेन्द्र सिंह तोमर की गिरफ्तारी के बाद सड़क पर नंगे पांव, खुले बदन घुमाने को लेकर इसे न्याय के खिलाफ बताया है। वहीं उन्होंने कहा कि सड़क पर बेहोश होकर जब वह गिर गया और पानी मांगने लगा तो उसे पानी की नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि न्याय प्रक्रिया के तहत तोमर पर कार्रवाई की जानी चाहिए थी। उसका जिस तरह से जुलूस निकाला गया, गलत था। वहीं पुलिस वालों ने तोमर के घर की महिलाओं के साथ बदतमीजी की है। उन्होंने कहा कि बहू-बेटी का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दिया है।

#### महापंचायत में जुटेंगे लाखों

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज सिंह शेखावत ने कहा कि इस पूरे मामले में 7 दिसंबर को राजधानी रायपुर में क्षत्रिय स्वाभिमान न्याय आंदोलन पीड़ित परिवार की अध्यक्षता में किया जाएगा। इसमें संगठन का बैनर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पूरे भारत से क्षत्रिय लाखों की संख्या में आने वाले हैं।

#### गांव-गांव जाकर आमंत्रण

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि अगले 10-15 दिनों तक गांव जाकर महापंचायत के लिए आमंत्रण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि न्याय के लिए जिला स्तर पर आवेदन भी दे रहे हैं, सत्ता का दुरूपयोग नहीं होने देंगे।

## धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण



**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव ने बुधवार को मोहारा वार्ड में निरीक्षण किया। उन्होंने ढ़ाबा सोसायटी अंतर्गत स्थित धान खरीदी केन्द्र मोहारा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के पूर्व अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, पार्षद आलोक श्रोती, बैंक के शाखा प्रबंधक मनीष श्रीवास्तव सहित प्रभारी प्रबंधक मुकेश बंछोर उपस्थित रहे।

महापौर यादव ने धान खरीदी का जायजा लिया और धान खरीदी केन्द्र के प्रभारी अधिकारी-कर्मचारियों ने किसानों की धान खरीदी प्रक्रिया निर्बाध एवं सुचारू रूप से संचालित होने की जानकारी दी। महापौर की टीम ने सोसायटी में धान विक्रय के लिए पहुंचे किसानों से पृथक-पृथक एवं सामूहिक रूप से चर्चा कर धान खरीदी केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्याप्त समस्याओं के संबंध में फीडबैक लिया। महापौर की टीम ने धान खरीदी केन्द्र के कर्मचारियों की हड़ताल के कारण धान खरीदी में आ रही किसी भी प्रकार की परेशानी के संबंध में अन्नदाताओं से पूछताछ की। जिसमें किसानों द्वारा कोई परेशानी नहीं होने की बात कही गई एवं बारदाना की उपलब्धता को भी पर्याप्त बताया गया।

# बैंकों से पैसों की निकासी में बरते सावधानी

## साइबर अपराधों से बचने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के गैंदाटोला थाना परिसर में 'होशियार रहे सियान' के बैनर तले एक व्यापक बैठक रखी गई। जिसमें सायबर अपराधों से बचने की सावधानी एवं जागरूकता के लिए समझाईश दी गई।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक कौशलेश देवांगन के नेतृत्व में थाना परिसर गैंदाटोला में 'होशियार रहें सियान' के बैनर तले एक व्यापक बैठक रखी गई। जिसमें 52 गांव के सरपंच-पंच, कोटवार व प्रमुख व्यक्तियों द्वारा जनजागरूता में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाते बैठक में शामिल हुए।



#### साइबर के प्रति किया जागरूक

बैठक में उपस्थितजनों को सायबर अपराध के प्रति भी जागरूक किया गया। बैठक में थाना स्टॉफ गैंदाटोला से सहायक उपनिरीक्षक मेघनाथ सिन्हा, प्रधान आरक्षक सुकलसिंह मेरावी, आरक्षक मोहित साहू, राकेश साहू, अमरसिंह, जलेश्वर, टीकाराम ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

#### बैंकों से पैसा निकालते वक्त बरतें सावधानी

बैठक की अध्यक्षता करते थाना प्रभारी कौशलेश देवांगन द्वारा वर्तमान में जारी शासकीय धान केन्द्रों में धान की बिक्री एवं बैंकों से पैसों की निकासी के नियमों की जानकारी दी गई।




